

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 186

ग्वालियर, गुरूवार, 26 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## वन-टू-वन

### सलमान खान को रोकने वाले अफसर को सजा नहीं बल्कि मिला इनाम

**नई दिल्ली (ए)।** सलमान खान को एयरपोर्ट पर रोकने वाले अफसर को सजा नहीं बल्कि इनाम दिया गया है। ये जानकारी खुद (सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्सेज) के हैंडल से ट्वीट की गई है। रिपोर्ट्स थीं कि सीआईएसएफ इंस्पेक्टर का फोन जब्त कर लिया गया है और उन्हें मीडिया से बात न करने की हिदायत दी गई हैं। ये रिपोर्ट्स वायरल होने पर सीआईएसएफ ने ट्वीट करके बताया है कि ये खबरें गलत हैं। सलमान खान 19 अगस्त की शाम %टाइगर 3% की शूटिंग के लिए रूस के लिए रवाना हुए हैं। एयरपोर्ट से उनकी कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल हुए थे। वीडियो में सबका ध्यान एक सीआईएसएफ अफसर ने खींचा था, जिसने सलमान को चेकिंग पॉइंट पर रोक लिया था। पपराजी के सोशल मीडिया पर वीडियो आने के बाद लोगों ने उस अफसर की काफी तारीफ की थी। कई लोगों ने उनके हैंडसम होने तो कुछ ने उनके ड्यूटी निभाने को सराहा था। बीते दिनों रिपोर्ट्स थीं कि अफसर ने किसी मीडिया हाउस को इंटरव्यू दिया था जिसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताकर उनका मोबाइल जब्त कर लिया गया था। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया था कि उन्हें दोबारा ऐसा न करने की हिदायत दी गई है। ये खबरें वायरल होने के बाद सीआईएसएफ ने ट्वीट किया है। ट्वीट में लिखा है, इस ट्वीट का कॉन्टेंट सही नहीं है और निराधार है। सच तो ये है कि संबंधित अफसर को उनकी ड्यूटी के प्रति प्रोफेशनलिजम को देखते हुए इनाम दिया गया है।

### सितंबर के मध्य में अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह जा सकते हैं केन्द्रीय गृहमंत्री शाह

**पोर्ट ब्लेयर (ए)।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सितंबर के मध्य में अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की तीन दिन की यात्रा पर जा सकते हैं। बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाह राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर कारागार जा सकते हैं। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेताओं के साथ बैठक भी कर सकते हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री की यात्रा के मद्देनजर प्रशासन पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कर रहा है और अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।प्रशासन ने सभी सरकारी विभागों को आदेश जारी कर कहा है कि शाह की यात्रा के मद्देनजर कर्मचारियों की छुट्टियों की अर्जी को फिलहाल मंजूर नहीं करें।

### अस्पताल में भर्ती नुसरत जहां, आज अपने पहले बच्चे को जन्म दे सकती हैं

**कोलकाता (ए)।** बंगाली अभिनेत्री और टीएमसी सांसद नुसरत जहां प्रेग्नेंट हैं। वे जल्द मां बनने वाली हैं। खबरें हैं कि नुसरत जहां को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे 26 अगस्त (गुरुवार) को अपने पहले बच्चे को जन्म दे सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नुसरत को 25 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे गुरुवार को बच्चे को जन्म दे सकती हैं, नुसरत की डिलीवरी डेट अगस्त के आखिर में या सितंबर की शुरूआत में थी। इसके मुताबिक तो नुसरत जहां किसी भी वक्त मां बन सकती हैं।नुसरत जहां के अभिनेता यश दासगुप्ता को डेट करने की खबर है।मंगलवार को दोनों ने एक जैसी इंस्टा स्टोरी शेयर की थी।जिसके बाद कयास लगाए गए कि वे दोनों साथ में आउटिंग पर गए थे।नुसरत जहां के प्रेग्नेंट होने की खबर सामने आने के बाद उन्होंने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए फोटोज इंस्टा पर शेयर की थीं। नुसरत जहां की निजी जिंदगी में पिछले दिनों काफी उथल पुथल देखने को मिली। नुसरत जहां ने निखिल जैन के साथ 2019 में टर्की के बोडरम में डेस्टिनेशन वेडिंग की थी।शादी के कुछ समय बाद ही उनके रिश्ते में तनाव आने लगा।2021 में नुसरत और निखिल अलग अलग रहने लगे।निखिल और नुसरत ने तलाक नहीं लिया है, लेकिन वे इस शादी से अलग हो चुके हैं।उनकी इस शादी को लेकर भी काफी बवाल मचा।

### ब्रिक्स देशों की बैठक में शामिल हुए एनएसए अजित डोभाल

**नयी दिल्ली (ए)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ब्रिक्स देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की डिजिटल माध्यम से हुई बैठक में शामिल हुए। बैठक में रूसी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जनरल पेत्रुशेव, चीनी पोलित ब्यूरो के सदस्य यांग जेइची, ब्राजील के सुरक्षा अधिकारी जनरल ऑगस्टो हेलेना रिबेरो परेरा और दक्षिण अफ्रीका के उप-राज्य सुरक्षा मंत्री नसेडिसो गुडएनफ कोडवा ने हिस्सा लिया। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के एक सप्ताह बाद यह बैठक हुई है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई या नहीं। ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों का संगठन है।

## ग्वालियर में जयवर्धन का सिंधिया पर तंज

# सिंधिया के कारण भाजपा तीन भागों में बंटी

***शिवराज भाजपा, महाराज भाजपा और नाराज भाजपा***

***सिंधिया के जाने से कांग्रेस में गुटबाजी खत्म हो गई है और भाजपा में बढ़ी***

भोपाल। ग्वालियर में राघोगढ़ विधायक और पूर्वमंत्री जयवर्धन सिंह ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि जब से सिंधिया भाजपा में आए हैं, भाजपा तीन भागों में बंट गई है। एक है शिवराज भाजपा, उसके बाद महाराज भाजपा और तीसरी है नाराज भाजपा। आप सब खुद ही देख रहे हैं कि सिंधिया के जाने से कांग्रेस में गुटबाजी खत्म हो गई है और भाजपा में बढ़ गई है। ग्वालियर-चंबल में नरेन्द्र सिंह तोमर, वीडी शर्मा और सिंधिया के गुट हैं। बुधवार सुबह ग्वालियर में प्रदेश सरकार में पूर्वमंत्री जयवर्धन सिंह ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और भाजपा पर तीखे प्रहार किए हैं। राघोगढ़ घराने के जयवर्धन सिंह मुरैना में शहीदों के कार्यक्रम में भाग लेने के बाद लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्वालियर में कई कांग्रेस नेताओं के घर पहुंचकर मुलाकात की है। कांग्रेस नेता अशोक सिंह के घर पर पत्रकारों से भी चर्चा की है। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह, विधायक लाखन सिंह, कांग्रेस शहर अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, कांग्रेस नेता अशोक सिंह उपस्थित रहे। यहां जयवर्धन सिंह वैक्सीनेशन पर बोले हैं कि विस्तृत कार्यक्रम बनाना चाहिए। भाजपा को कांग्रेस से सीखना चाहिए कि जिस तरह से कांग्रेस ने पोलियो अभियान चलाया था उसी तर्ज पर वैक्सीनेशन को बढ़ाना चाहिए। गांव-गांव में वैक्सीन लगाने पर जोर देना चाहिए।

जिस गति से वैक्सीनेशन चल रहा है मुझे नहीं लगता इस साल यह पूरा हो पाएगा।



सिंधिया के कई विकल्पः जब पूर्वमंत्री जयवर्धन सिंह से पूछा गया कि सिंधिया के जाने के बाद प्रदेश और विशेषकर ग्वालियर-चंबल अंचल में युवा विकल्प के रूप में आप खुद को देखते हैं तो उनका कहना था कि ग्वालियर- चंबल अंचल में लाखन सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, केपीसिंह जैसे बड़े नेता हैं। मैं भी खुद भी ग्वालियर-चंबल संभाग से हूं। जब भी आवश्यकता होगी और पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, मैं हर तरह से जनता की सेवा के लिए तैयार हूं।

भाजपा ने ओबीसी वर्ग को दिया है धोखाः पूर्वमंत्री जयवर्धन सिंह से जब ओबीसी आरक्षण पर मचे बवाल पर सवाल किया गया तो उनका कहना था कि जब कमल नाथ मुख्यमंत्री थे तब कांग्रेस ने तय किया था कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। पर जैसे ही सरकार बदली नई सरकार ने कोर्ट में जवाब पेश किया कि जो 13 से 14 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण होना है यह अभी संभव नहीं है। कह सकते हैं कहीं न कहीं भाजपा सरकार ने ही प्रदेश के ओबीसी वर्ग के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है।

लोग भूखे मर रहे वे अन्न उत्सव मना रहेः ग्वालियर में बाढ़ प्रभावित लोगों पर भी बोले हैं कि यहां बाढ़ प्रभावित लोग भूख से बेहाल हैं। आर्थिक मदद नहीं पहुंची है और भाजपा अन्न उत्सव मना रही है। बैग पर अपने फोटो छपवाए जा रहे हैं। कांग्रेस ने कभी इस तरह का प्रचार नहीं किया। पर असरदार तरीके से कई अभियान चलाए। भाजपा और प्रधानमंत्री जी को कांग्रेस से सीखना चाहिए।

### 400 रुपए गन्ने की कीमत करने का वादा कर सत्ता में आई यूपी सरकार ने कुछ नहीं किया: प्रियंका



**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पंजाब में गन्ने की कीमत 360 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने के फैसले को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि 400 रुपए प्रति क्विंटल का दाम देने का वादा करके सत्ता में आई भाजपा सरकार ने गन्ने की कीमत फूटी कौड़ी भी नहीं बढ़ाई।

उन्होंने ट्वीट किया पंजाब की कांग्रेस सरकार ने किसानों की बात सुनी और गन्ने के दाम 360 रुपए प्रति क्विंटल किए। गन्ने का दाम 400 रुपए प्रति क्विंटल करने का वादा करके आई उप्र की भाजपा सरकार ने 3 साल से गन्ने की कीमत एक फूटी कौड़ी नहीं बढ़ाई और किसानों द्वारा आवाज उठाने पर वह देख लेने जैसी धमकी भी देती है। गौरतलब है कि पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने मंगलवार को गन्ने की कीमतों में बढ़ोतरी की मांग कर रहे किसानों को भरोसा दिया कि इस नकदी फसल का मूल्य बढ़ाकर 360 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया। मुख्यमंत्री ने किसान नेताओं के साथ बैठक के बाद गन्ने के राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) में 35 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करने का ऐलान भी किया।

## राम मंदिर पर फैसला सुनाने वाले सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज के आवास के बाहर बम विस्फोट

**प्रयागराज (ए)।** राम मंदिर पर फैसला सुनाने वाले सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस अशोक भूषण के प्रयागराज स्थित पैतृक मकान पर बमबाजी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोमवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे उनके घर के बाहर एक के बाद एक दो बम विस्फोट करने के बाद बदमाश मौके से भाग गए। इस घटना की सूचना पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश घटनास्थल से भाग चुके थे। कर्नलगंज थाना क्षेत्र के हाशिमपुर मोहल्ले में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस अशोक भूषण का पैतृक मकान है। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस अशोक भूषण परिवार के साथ कैंट थाना क्षेत्र के अशोक नगर में रहते हैं। हाशिमपुर के पैतृक मकान में उनके भाई और इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल भूषण परिवार समेत रहते हैं। अनिल भूषण के मुताबिक, तेज धमाके के साथ दो बम फोड़े गए। धमाके की आवाज सुनकर जब वे बाहर निकले तब तक बाइक सवार बदमाश फरार हो गए थे। उन्होंने कहा कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, इस घटना




की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। वकील अनिल भूषण के मुताबिक, घर रंगाई-पुताई का काम चल रहा था, इसलिए सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर बंद था, लेकिन पुलिस सड़क पर लगे सरकारी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

इस मामले में आईजी प्रयागराज रेंज केपी सिंह का कहना है कि कर्नलगंज थाने में तेज रफ्तार बाइक चलाने और विस्फोटक फेंकने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बीच, क्राइम ब्रांच, सर्विलांस और कर्नलगंज थाने की पुलिस ने बाइक और तेज आवाज वाले विस्फोटक फेंकने वाले आरोपियों की पहचान कर ली है। आईजी प्रयागराज रेंज केपी सिंह के मुताबिक, रिटायर्ड जज जस्टिस अशोक भूषण के आवास के सामने चाय की दुकान है, चाय की दुकान का ठेला लगाने वाले का आरोपियों के साथ पारिवारिक विवाद है, उसी विवाद के मद्देनजर आरोपियों ने चाय वाले को धमकाने के लिए तेज आवाज के विस्फोटक को फेंककर दहशत फैलाने की कोशिश की है।

## टीकाकरण कोविड-19 के विरुद्ध सर्वाधिक कारगर कवचः नायडू

नई दिल्ली (ए)। उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने मेडिकल समाज से तथा विशेष रूप से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से लोगों को कोविड-19 के विरुद्ध टीकाकरण से सुरक्षा और टीकाकरण के महत्व के बारे में विशेष जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया है। उपराष्ट्रपति ने गिव इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से कर्नाटक सरकार के स्थाई लक्ष्य समन्वय केंद्र द्वारा चलाए जाने वाले 'वैक्सिनेट इंडिया प्रोग्राम ' का शुभारंभ करते हुए कहा कि कुछ वर्गों में टीका लगवाने को लेकर हिचकिचाहट दिख रही है। टीके को लेकर संदेह पालने वाले लोगों को शिक्षित करना और उनमें जागरूकता पैदा करना अत्यंत आवश्यक है। उपराष्ट्रपति ने सभी जन प्रतिनिधियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति का टीकाकरण हो। उन्होंने मीडिया से टीका लगाने की आवश्यकता के बारे में लोगों को जागरूक करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा ÷झूठी मान्यताओं को सटीक जानकारी प्रदान करके दूर करने की जरूरत है। कोविड-19 के खिलाफ टीकारण को सबसे प्रभावी कवच बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इससे अस्पताल में भर्ती होने से रोकने और रोग की गंभीरता को कम करने में मदद मिलेगी।




# हमें शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त करना हैः प्रभारी मंत्री श्री सिसोदिया





**शिवपुरी।** कोविड से सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। इसलिए 18 वर्ष से अधिक के सभी नागरिक वैक्सीन जरूर लगवाएं। अभी दो दिवसीय वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जा रहा है। हमें शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसलिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी समन्वय से काम करें और इस अभियान को सफल बनाएं। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने बैठक के दौरान कही। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने अपने शिवपुरी भ्रमण के दौरान अधिकारियों के साथ बैठक की और कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में वैक्सीनेशन की गति कम है वहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर लोगों से संपर्क करें। लोगों को वैक्सीन के बारे में सही जानकारी उपलब्ध कराकर प्रेरित करें।क्योंकि कोविड से सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन ही उपाय है।

### वैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण

प्रभारी मंत्री श्री सिसोदिया ने शिवपुरी शहर के कल्याणी धर्मशाला और अग्रवाल धर्मशाला में चल रहे वैक्सीनेशन केंद्र का निरीक्षण किया और उन्होंने व्यवस्थाएं देखीं। लोगों का हालचाल जाना और कहा कि वैक्सीन लगवाने आ रहे व्यक्ति भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें और मास्क लगाकर आएं।

### हस्ताक्षर कर लिया संकल्प

प्रभारी मंत्री श्री सिसोदिया ने बैठक के बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लगे संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करके कोविड-19 के प्रति लोगों को जागरूक करने और इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### श्रीमंत माधवराव सिंधिया के स्टेच्यू पर किया माल्यार्पण

दो बत्ती चौराहे पर श्रीमंत माधवराव सिंधिया की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान के प्रचार प्रसार के लिए चलाए जाने वाले ऑटो वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने दी जानकारी

बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने वैक्सीनेशन महाअभियान की कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में महाअभियान के प्रथम दिन लगभग 60 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य है जिसके लिए 209 सत्र रखे गए हैं। क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अभी शिवपुरी शहर में सर्वाधिक 85 प्रतिशत लोगों को प्रथम डोज लग चुका है।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, डीएफओ श्रीमती मीना मिश्रा, एडीएम उमेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष राजू बाथम, सांसद प्रतिनिधि हेमंत ओझा, पूर्व विधायक जसवंत जाटव, हरवीर रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय वैक्सीनेशन महाअभियान, जिले में लक्ष्य से अधिक हुआ वैक्सीनेशन लोगों में दिखा उत्साह

पूरे प्रदेश में 25 और 26 अगस्त को दो दिवसीय वैक्सीनेशन महा अभियान तो चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन बुधवार को जिले में वैक्सीनेशन के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसी का परिणाम यह हुआ कि लक्ष्य से अधिक वैक्सीनेशन हुआ। शाम 5 बजे तक ही 65 हजार से अधिक वैक्सीनेशन हो चुका था। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में पूरी टीम ने सक्रिय होकर काम किया। उन्होंने क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए और इन अधिकारियों को उनके क्षेत्र में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन की जिम्मेदारी दी गई। लोगों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया गया। ग्राम पंचायतों में माइक से अनाउंसमेंट कराए गए। रैली निकाली गई जिससे कि अधिक से अधिक लोगों से संपर्क किया जा सके और लोग वैक्सीनेशन केंद्र तक पहुंचे। सुबह 7 बजे ही केंद्रों पर टीम को रवाना किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार वैक्सीनेशन महा अभियान से पहले जिले में कुल 7 लाख 8 हजार टीके लग चुके थे। जिसमें 50 फीसदी लोगों को पहला डोज जबकि 7त्न लोगों ने दूसरा डोज लिया था। अभियान के दौरान पहले दिन लगभग 66 हजार से अधिक लोगों ने टीका लगवाया है।

**वैक्सीनेशन केंद्र :** जिले में महाअभियान के प्रथम दिन के लिए लक्ष्य के अनुसार 214 केंद्र बनाए गये। जिसमें बदरवास में 23, करेरा में 21, कोलारस में 22, खनियाधाना में 25, नरवर में 21, पिछोर में 27, पोहरी में 25, सतनवाड़ा में 25 और शिवपुरी शहरी क्षेत्र में 25 केंद्रों पर टीकाकरण किया गया।

## जिला स्तरीय टैलेंट सर्च अभियानः पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे करें तैयारी की देश के लिए खेलना हैं

शिवपुरी।



खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित राज्य खेल अकादमियों के लिये युवा व प्रतिभावान 12 से 18 वर्ष के युवा खिलाड़ियों के लिये टेलेन्ट सर्च चयन ट्रायल कलेक्टर अक्षय कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री पाण्डे, जिला आदिम जाति कल्याण विभाग से परिहार, संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी तथा खेल संघ संस्थाओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग से टेलेन्ट सर्च जिला खेल परिसर जाधव सागर के पास पुरानी शिवपुरी में किया जा रहा है। जिसमें आज विकास खण्ड नरवर व पोहरी से 116 बालक/बालिका खिलाड़ियों का फिजिकल फिटनेश- 1 बी.आई.एम. टेस्ट, 2- बैलेंस, 3- फिलेक्सीबिल्टी टेस्ट, 4- स्पीड 50मी., 5-एब्डेमिलेन स्ट्रेन्थ, 6-मसक्युलर इंडोरेंस, 7- एरोबिक इंडोरेंस 600मी. का टेस्ट लिया गया। फिटनेश टेस्ट के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चन्देल ने समस्त खिलाड़ियों से तथा समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त कर लिये जा रहे फिटनेष टेस्ट की जानकारी ली। कल दिनांक 26.08.2021 को प्रातः 07.30 बजे से हॉकी खेल में रूची रखने वाले बालक/बालिका खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट श्रीमंत माधवराव सिंधिया, जिला खेल परिसर में लिया जावेगा। इसके पश्चात दिनांक 26.08.2021 को ही प्रातः 11.00 बजे से विकास खण्ड बदरवास एवं कोलारस के ऑनलाईन व ऑफ लाईन पंजीयन कर बालक/बालिका खिलाड़ियों का फिटनेश टेस्ट लिया जायेगा। इस अवसर पर संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 26.08.2021 को विकास खण्ड बदरवास एवं कोलारस के खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट लिया जायेगा। साथ ही हॉकी खेल में रूची रखने वाले बालक/बालिका खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट 26.08.2021 को प्रातः 07.30 बजे से तथा हॉकी खेल का संभाग स्तरीय स्किल टेस्ट 27.08.2021 को हॉकी खेल के भोपाल एवं ग्वालियर से विषेषज्ञ की उपस्थिति में श्रीमंत माधवराव सिंधिया, जिला खेल परिसर में लिया जावेगा।

## चाकू से गला रेतकर चाय बेचने वाले वृद्ध जगदीश की हत्या

**दुकान से घर लौटते समय अज्ञात हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम, चाकू फेंककर भागे आरोपी**



शिवपुरी। शहर के न्यूब्लॉक क्षेत्र में ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के पास चाय का स्टॉल लगाने वाले 60 बर्षीय व्रद्ध जगदीश शर्मा की मंगलवार की देर रात्रि अज्ञात हमलावरों ने चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी हत्या करने के बाद हत्यारे भाग गए और उन्होंने मकान के बाहर बने एक सरकारी सुलभ कंपलेक्स के बाहर हत्या में प्रयुक्त चाकू से दिया पुलिस ने मौके से चाकू बरामद किया है यह स्पष्ट नहीं हो सका कि जगदीश शर्मा पर कितने लोगों ने हमला किया लेकिन कुछ मोहल्ले वालों ने दो युवकों को भागते हुए देखा घायल जगदीश शर्मा को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मृतक के मृत्यु पूर्व बयान हुआ है अथवा नहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक जगदीश शर्मा मुरैना के जडोखर गांव का रहने वाला है और 25 साल पहले बेरोजगार की तलाश में शिवपुरी आया था शिवपुरी में उसके परिवार में पत्नी सहित दो बेटियां साधना और नीता है तथा दोनों का विवाह हो चुका है वर्तमान में दोनों पति-पत्नी शिवपुरी में गर्ल्स कॉलेज के पास प्रवीण पांडे के मकान में दूसरी मंजिल पर किराए से रहते थे जगदीश शर्मा न्यू ब्लॉक क्षेत्र में चाय का ठेला लगाकर अपनी रोजी-रोटी कमाता था मंगलवार को जब वह रात 9सा?9 बजे अपने घर आ रहा था दरवाजे तक आ गया तभी किसी ने उस पर चाकू से प्रहार किया जब जगजीत के चीखने की आवाज आई तो उसकी पत्नी जो कि खाना बना रही थी वह बात कर बाहर आई तब टट्टू जगजीत दरवाजे पर आ चुके थे और जमीन पर गिर कर बेहोश हो गए ।

## 80 लाख के निर्माण कार्य में 40 लाख का बंटवारा कर लिया सरपंच और सचिव नेः CEO बोले कोई जानकारी नही दे सकता




शिवपुरी। मामला जिले के नरवर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सीहौर का हैं। इस पंचायत के सचिव और सरपंच पर भारी भ्रष्टाचार करने का आरोप हैं,भ्रष्टाचार का पूरा पुलंदा जनसुनवाई के माध्यम से ग्रामीणो ने कलेक्टर शिवुपरी को दिया और कमिश्नर स्तर पर इस भ्रष्टाचार के मामले की जांच की मांग की गई थी,लेकिन आज तक इसमें कार्रवाई की छोडिए जांच के आदेश भी नही हुए हैं। 2 मार्च 2021 को सीहौर के ग्रामीणो ने कमिश्नर ग्वालियर संभाग को शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत सीहौर में पंचायत के तहत कराए गए निर्माण कार्यो में भारी भ्रष्टाचा किया हैं,निर्माण कार्य गुणवत्ता का ध्यान नही रखा गया है।शिकायत में बताया गया कि ग्राम पंचायत में नकटेरा नामक स्थान पर 400 मीटर सी.सी. रोड़ का निर्माण कराया गया है। जिसमें मात्र 2 ईंची गिट्टी डाली गयी है। और सीमेन्ट के बजाये मिट्टी व बजरी मिलाई गयी है। इसी प्रकार से गोपीलाल के दरबाजे से लक्ष्मीनारायण पचौरी के निवास तक एवं मट वाली गली में रमेश सोनी के दरवाजे तक भी सी.सी. डाली गयी थी जो मात्र 2 ईच ही डली हैं। इसी प्रकार से शा.मा.वि. सीहौर से गांव की पुरानी डी.पी.तक एवं शा.प्रा.वि. सीहौर से बड़ी बाखर तक डाली गयी सी.सी. भी गुणवत्ताहीन व अत्यंत घटिया किस्म की है। उक्त कार्यो में सरपंच व सचिव वीर सिंह ने भारी भ्रष्टाचार किया है। और शासकीय धन की खुली लुट की गयी है। ग्राम पंचायत में अभी तक लगभग 80 लाख के निर्माण कार्य सरपंच व सचिव के द्वारा कराये गये है इस में से मौके पर मात्र 40 लाख रूपया ही खर्च किया हैं और शेष 40 लाख रूपया हड़प कर लिया है। वही ग्रामीणो ने कहा कि सीसी निर्माण मे कोई नाली नही बनाई हैं,जिससे गंदगी होती हैं। नकटेरा स्कूल की बाउंड्री पर



प्लास्टर नही किया हैं। वही पटेरी सीहौर में कोई नाली नही बनाई गई हैं उसका फर्जी भुगतान निकला गया हैं,वही इस मामले में सीईओ नरवर एस.एस पिप्पल से बात की तो उन्होने कहा कि में इसकी जानकारी कार्यलीन समय में ही दे सकता हूं।

## शिवपुरी भ्रमण पर आए प्रभारी मंत्री, बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश




शिवपुरी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिय बुधवार को शिवपुरी भ्रमण पर आए। उन्होंने शिवपुरी पहुंचकर सीआरपीएफ कैंप में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ श्रीमती मीना मिश्रा, अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी भी भी उपस्थित रहे।

**अवैध खनन और अवैध शराब दुकानों पर कार्यवाही करने के निर्देश**

प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध खनन और अवैध मदिरा पर कठोर कार्यवाही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो शराब दुकानें अवैध रूप से संचालित की जा रही हैं उन पर सख्त कार्यवाही की जाए।

**सर्वे जल्दी पूरा करने के निर्देश**

इस माह के शुरुआत में जिले में अतिवृष्टि के कारण कई गांव में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। प्रभारी मंत्री श्री सिसोदिया ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों का भ्रमण भी किया। बुधवार को शिवपुरी भ्रमण के दौरान उन्होंने सर्वे कार्य और राहत राशि वितरण की जानकारी ली और निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि सर्वे कार्य जल्दी पूरा किया जाये और बाड़ प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिनके मकान पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें शासन द्वारा तत्काल आर्थिक मदद दी गई है। यह किसी भी स्थिति में लंबित नहीं रहना चाहिए।

**विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश**

प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने विद्युत व्यवस्था को लेकर भी समीक्षा की और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में बिजली की समस्या है वहां व्यवस्था सुदृढ़ की जाए जिससे कि लोगों को परेशानी ना हो।

## नगर के कई वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम

### टीके लगवाने आये हितग्राहियो का बढ़ाया उत्साह




शिवपुरी। मध्यप्रदेश में बुधवार को शुरू हुए दो दिवसीय वैक्सीनेशन महाअभियान-2 में स्थानीय प्रशासन के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भी लोगों की सेवा में जुटे हुए हैं। पार्टी के नेतागणों ने अलग-अलग स्थानों पर वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचकर निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं के साथ प्रशासन के सहयोग में जुटे रहे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने बुधवार को वैक्सीनेशन के दौरान नगर के कई वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने वैक्सीनेशन करवाने आये हितग्राहियों से चर्चा की। हितग्राहियो से चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष राजू बाथम ने कहा कि प्रदेश में आज शुरू हुए वैक्सीनेशन महाअभियान के दूसरे चरण में प्रशासन के साथ पार्टी कार्यकर्ता भी लोगों की मदद के लिए जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस तरह वैक्सीनेशन अभियान को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रयास किये हैं, उसके फलस्वरूप प्रथम चरण की तरह वैक्सीनेशन के अभियान का यह दूसरा चरण भी इतिहास रचेगा और सफलता को प्राप्त करेगा।जिला टीकाकरण प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा ने कहा कि हर व्यक्ति को सहजता से वैक्सीन उपलब्ध हो और हर व्यक्ति का वैक्सीनेशन हो, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार महाअभियान चला रही है।

## भोपाल में महंगाई के विरोध में जिला महिला कांग्रेस हुई शामिल, किया प्रदर्शन



शिवपुरी। मध्यप्रदेश के भोपाल में बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया जिसका नेतृत्व महिला प्रदेशा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती अर्चना जायसवाल ने किया। इस महंगाई के विरोध में जिला शिवपुरी से महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री इंदु जैन भी शामिल हुई और बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में अपनी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाया। यहां महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुश्री इंदु जैन ने बताया कि प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना जायसवाल के द्वारा भोपाल में मेहगाई के विरोध प्रदर्शन भोपाल स्थीत मिनटो हाल गांधी प्रतिमा पुरानी विधानसभा के सामाने मेहंगाई के विरोध में किया गया इस प्रदर्शन में शिवपुरी की महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष ईन्दू जैन शामिल हुई। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना जायसवाल के द्वारा महिलाओं को केन्द्र व प्रदेश की मेहगाई विरोधी सरकार के खिलाफ प्रत्येक जिले में अंदोलन करने के निर्देश दिये गये।

### लगातार रसोई गैस के बड़े दाम बढ़ने से मध्यम वर्गीय परिवारों का गडबड़ा रहा बजट

# गरीब परिवार नहीं भरा पा रहे सिलेंडर

**एक वर्ष में 327, महंगी हुई रसोई गैस, सब्सिडी 200 से घटकर 58 रुपये रह गई, लोग बोले-नाम के लिए सब्सिडी क्यों दे रहे, इसे भी सरकार बंद कर दो**

भिण्ड। लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने के बाद अब रसोई गैस के दाम में हो रहे इजाफे से मध्यम वर्गीय लोगों का किचन का बजट बिगड़ने लगा है। गैस के बढ़ते दाम के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की रसोई के चूल्हे से दूर होता जा रहा है। यही वजह है कि अब गरीब तबके के लोग उपले या फिर लकडी पर खाना पकाने को मजबूर हो रहे हैं। एक बार फिर से एकदम 125 रुपये प्रति गैस सिलेंडर पर सरकार ने बढ़ा दिये है जिससे अब सिलेंडर 1050 रुपये में मिल रहा है। उधरए गैस एजेंसियों के मालिकों का कहना है कि गैस के दाम बढ़ने से उनकी सेल पर भी काफी असर पड़ा है। गौरतलब है कि सरकार गरीबों को मुफ्त में उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर बांट रही है लेकिन गरीब तपके के लोग इसे भरायेंगे कैसे, इस मंहगाई के दौरान में लोगों को पेट भरने तक के लाले पड़ रहे हैं सब्सिड़ी पूरी तरह से खत्म कर दी है एक गैस सिलेंडर भरवाने के लिए एक हजार रुपये चुकाने पड़ते हैं तब जाकर लोगों के घर भोजन बनपाता है लेकिन इसी तरह से गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते रहे तो लोगों पहुंच से काफी दूर हो जायेंगी। एक वर्ष में 327 रुपये गैस मंहगी हो गई है, सब्सिड़ी 200 से घटकर 58 रुपये दी जा रही है जिसे भी लोगों ने बंद करने के लिए सरकार को आगाह किया है।



लगातार गैस के दाम बड़ने से मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट गड़बड़ा रहा है, फिर भी सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उज्ज्वला योजना के तहत सरकार की एक कोशिश थी कि महिलाओं को धुएं से निजात दिलाई जाए सरकार ने हर घर तक गैस सिलेंडर पहुंचाने का प्रयास कियाए ताकि गरीब परिवार की महिलाओं को चूल्हे व लकडी जलाने से छुटकारा मिल सके, लेकिन अब गैस सिलेंडर के आसमान छूते दामों के कारण न तो गरीब परिवार गैस सिलेंडर भरवा पा रहे हैं व न ही उन्हें लकड़ी व अन्य ईंधन जलाने से निजात मिली है।

**महंगे गैस सिलेंडर भरवाने में असमर्थ हुए गरीब परिवार**

महंगे गैस सिलेंडर भरवाने से असमर्थ हुए परिवार अब फ्रि से लकड़ी से चूल्हे जलाने को मजबूर हो गए हैं। जिससे न केवल उनकी सेहत प्रभावित हो रही है, बल्कि पर्यावरण भी दूषित होता है। नगर लेकर गांव-गांव तक उज्जवला योजना के कनेक्शन दिए गए जिनमें से अधिकतर परिवारों के घरों पर अब गैस सिलेंडर शोपीस बन गए हैं, क्योंकि यह परिवार महंगे दाम पर गैस सिलेंडर भरवाने से असमर्थ हैं और इस बार भी सरकार ने प्रति गैस सिलेंडर पर 125 रुपये बढ़ा

**रसोई गैस के बड़े दाम से गडबडा रहा मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट**

रसोई गैस की कीमतों में इजाफा होते जाने से मध्यम वर्गीय परिवारों का मासिक बजट गडबडाने लगा है। साल भर में रसोई गैस सिलेंडर 327 रुपए महंगा हुआ है। जबकि पहले से मिल रही सब्सिडी साल दर साल कम होती जा रही है। अब मात्र 58 रुपए सब्सिडी मिल रही है। लोग कहने लगे हैं कि सरकार नामचार के लिए सब्सिडी दे ही क्यों रही है, इसे भी बंद कर देना चाहिए। पहले सरकार ही सब्सिडी छोड़ने का मैसेज कर रही थी अब तो स्वतः सब्सिडी धीरे-धीरे खत्म करती जा रही है। रसोई गैस के अलावा खानपान की अन्य सामग्री में भी साल भर में अच्छी खासी तेजी आई है। इस कारण गरीब ही नहीं मध्यम वर्गीय परिवारजन हैरान हैं।

**एक साल पहले रसोई गैस सिलेंडर रिफिलिंग के दाम**

यहां बता दें साल भर पहले रसोई गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 756 रुपए लगते थे। इसमें 200 रुपए की सब्सिडी मिल रही थी। इस प्रकार से लोगों को सिलेंडर 556 रुपए का पड़ रहा था। लेकिन आज सिलेंडर रिफिलंग 941 रुपए रुपए में हो रही है जबकि इस पर सब्सिडी मात्र 58 रुपए मिल रही है। इस प्रकार रसोई गैस सिलेंडर रिफिलिंग 883 रुपए की पड़ रही है। ऐसे में हालात में आमजन उफन करे तो और क्या कर सकता है। शहर में रसोई गैस की विभिन्न एजेंसियों पर तकरीबन 43 हजार कनेक्शन हैं।

### इनका कहना है

सरकार सब्सिडी रूपी 58 रुपए भी क्यों दे रही है, इसे भी बंद कर देना चाहिए। इससे लोगों का यह भान तो होगा कि वह गैस का पूरा दाम चुका रहे हैं, छूट का लाभ प्राप्त नहीं कर रहे हैं।

**-रोशनी शर्मा, इटावा रोड भिण्ड**

रसोई गैस के दाम बढ़ने से पूरी तरह से बजट गड़बड़ा गया है अब एक सिलेंडर के दाम एक हजार रुपये के ऊपर चुकाना पड़ रहे है, पहले तो सरकार ने मुफ्त में सिलेंडर बांट दिये, अब लगातार गैस के दाम बढ़ाकर सिलेंडर छुड़ाने के फिराक में है।

**-स्वेता जैन,**
**सदर बाजार भिण्ड**

## तेज बारिश ने क्षतिग्रस्त किया आशियाना, सरपंच सचिव भी लगवा रहे चक्कर



भिण्ड। प्रकृति की पड़ी मार से गरीब तमगा वर्ग के मजदूर परिवार वैसे ही परेशान है। वहीं दूसरी शासन, प्रशासन के नुमांइदे भी इन्हें बर्वाद करने पर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत जवासा का है जहां ग्राम जगन्नाथपुरा में बीते 20 अगस्त को तेज बारिश होने के कारण एवं बिजली गढ़गढाने से एक गरीब परिवार अब्दुल खान के मकान की सात पटिया टूट कर जमीन पर गिरी। हादसा होने से बाल-बाल बचे अब्दुल खान का कहना है कि ग्राम पंचायत जवासा के सरपंच व सचिव ने नहीं की सुनवाई ना ही इस परिवार के नाम से कोई बीपीएल कार्ड है ना ही मजदूरी कार्ड बना शासन की कोई योजना का कोई लाभ नही मिल पा रहा है। पीड़ित ने अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे को अपनी फरियाद सुनाई। पीड़ित की समस्या को गंभीरता से लेते अपर कलेक्टर ने तत्काल समस्या को लेकर संभागीय विभाग को फोन लगा कर तत्काल अवगत कराया जल्द से जल्द निराकरण करने को आश्वासन दिया।

## टोक्यो पैराओलंपिक में भिंड की युवा खिलाड़ी प्राची यादव को डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने किया सम्मानित

**सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने पचास हजार की धनराशि का चेक भेंट किया**



भिण्ड। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल गौरी सरोवर पर वोट के लाभ के संरक्षक खेल प्रशिक्षण राधे गोपाल यादव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली युवा दिव्यांश खिलाड़ी प्राची यादव को प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने भोपाल में मध्यप्रदेश शासन की ओर से 50 हजार का धनराशि की चेक भेंट कर शॉल श्रीफल के साथ सम्मानित किया। भिंड जिले की युवा खिलाड़ी प्राची यादव ने ओलंपिक खेलों में अनेकों मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है गौरी सरोवर पर लगातार वाटर स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों को तलाशा जा रहा है आगामी दिनों में नेरसन और इंटरनेट चल वाटर स्पोर्ट्स खेलों में भिंड जिले के खिलाड़ियों अपने शक्ति का परचम अहरा कर आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर राज्य सरकार, राधे गोपाल यादव सहित भिंड कैनोइंग कयाकिंग एसोसिएशन तथा बोट क्लब के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

## धूमधाम से रथयात्रा के साथ मनाया जायेगा श्री मदनमोहन राधारानी मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव






**कोरोना वायरस को देखते हुए शासन की गायड लायन का पालन करने की अपील**

भिण्ड। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर श्री मदन मोहन जी राधारानी बड़ा बजार गोहद में राधारानी जन्मोत्सव पर रथा यात्रा निकाली जाएगी। भगवान का अभिषेक किया जायेगा झूला सजाकर उसमें झुलाया जायेगा फूल बंगला बजाया जायेगा महिलाओं के लिए सुहाग सामान बितरण किया जायेगा, भजन संध्या उनके सम्बंधित कार्ययोजना तैयार की गई मंदिर में रंगाई पुताई चालू है। मंदिर में कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के प्रवेश ना करें अन्यथा मंदिर की कमेटी द्वारा आपको गेट के बाहर ही रोका जा सकता है मंदिर पर सैनिटाइजर साबुन पानी मास्क आदि उपलब्ध रहेंगे। दरबाजे पर सेनेटाइजर के पंखे लगाये जायेंगे मंदिर में तीन गेट रखें गये है। महिला द्वार, पुरूष द्वार संगीत प्रेमी द्वार, रथयात्रा के लिए गायड लायन जारी होगी उसी के अनुसार निकाली जायेगी महिला मंडल एवं पुरुष मंडल अलग-अलग ग्रुप में चलेंगे झूला उपलब्ध रहेगा श्री मदनमोहन जी महाराज के लिए अपने अपने घरों पर पूजा अर्चना करें ओर कुछ न हो सके तो कुछ फूल अपने घरों से बर्षा करें दर्शन-पूजन करे,एक बार में अपने परिवार के पांच सदस्य से अधिक लोगों को मंदिर में प्रवेश वर्जित रहेगा,जिला प्रशासन भिंड एवं पुलिस प्रशासन, भिंड एंव गोहद प्रशासन गोहद पुलिस प्रशासन हर वर्ष की भांति ब्यबस्था करे प्रसाशन से सहयोग की भावना रखते हैं। जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शासन अपनी गायड लायन जारी करें जिससे उसका पालन किया जा सके सभी जनता-जनार्दन कोरोनावायरस से सावधानी रखें सामाजिक दूरी बनाए रखे मुंह ढंक कर रखने की अपील की है।

## टीकाकरण महाअभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने किया सहयोग

**लोगो ने लिया टीका लगवाने का संकल्प**

भिण्ड। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आह्वान पर उत्कृष्ट विद्यालय के एनएसएस वालंटियर्स ने टीकाकरण महा अभियान -2 के दौरान व्यापार मंडल धर्मशाला केंद्र पर पहुंचकर प्रातः 9 बजे से पूरे समय तक टीकाकरण व्यवस्थाओं में सहयोग किया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भिंड विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने अपने उद्बोधन में युवा, बुजुर्ग तथा महिलाओं सभी से टीका लगवाने की अपील की और कहा कि प्रदेश और राष्ट्र की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए सभी का टीकाकरण होना जरूरी है। युवा वर्ग इस महाअभियान में स्वयं बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी करे तथा अन्य लोगो को प्रेरित करे तभी हम अपने जिले के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। विधायक श्री कुशवाह द्वारा उपस्थित सभी लोगों को कोविड-19 महामारी से बचने के लिए टीकाकरण करवाने हेतु संकल्प दिलवाया और



कहा कि महामारी से बचने का एक मात्र उपाय टीकाकरण ही है।इसके दोनो डोज लगवाएं और डबल सुरक्षा पाएं। यह टीका पूर्णतः सुरक्षित,असरकारी और हानि रहित है। इस दौरान जिलाधीश डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम यू एस सिकरवार, सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल,डॉ देवेश शर्मा, डॉ शरद जैन, सीएमओ सुरेंद्र शर्मा, एनएसएस प्रभारी धीरज सिंह गुर्जर, पत्रकार बंधु हितग्राही एवम वॉलंटियर्स उपस्थित थे। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेश शर्मा, डॉ शरद कुमार जैन के निर्देशन एवम एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने महिला एवं पुरुषों की अलग अलग लाइन लगाकर लोगो को सोशल डिस्टेंसिंग में खड़ा करवाया तथा जो लोग मास्क पहनकर नही आए थे, उन्हें मास्क वितरित कर लगवाए। वालंटियर्स ने लोगों को टीका लगवाने हेतु समझाया, प्रेरित किया। उनकी समस्याओं का समाधान किया।रजिस्ट्रेशन काउंटर और प्रवेश द्वार पर भी स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभाली।सभी को पर्ची देखकर एक एक करके सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए ही अंदर जाने दिया। इस टीकाकरण कार्य में स्वयं सेवक शाहरुख खान, हरेंद्र गौतम, रानू चौधरी, प्रियंका बघेल, स्वप्निल शर्मा, साक्षी राजावत, खुशी जैन, निकिता श्रीवास, पूजा शर्मा, आर्यन बोहरे, सौरभ, अभय भदौरिया, प्रिंस चौहान, आदित्य जादौन, लल्लन वर्मा ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।

## महाअभियान में दूसरा डोज निर्धारित केन्द्रों पर लगाया जाएगा आज



भिण्ड । भिण्ड जिले के सभी विकास खण्डों में दो दिवसीय वेक्सीनेशन महा अभियान में बुधवार को कोरोना वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज लगाया गया । इस अभियान में जिले को 2 दिन के अंदर 57000 वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए हर ब्लाक में सेंटर पर वैक्सीन 2 दिन पहले ही पहुंचा दी गई। अधिकांश वैक्सीन सेंटरों पर अपेक्षाकृत लोगों की संख्या कम दिखी। शहर के जिला अस्पताल में लोग धीरे धीरे आ रहे थे एक बाद में 10 से 15 ही लोगों की खड़े हुए थे इसी तरह के हालात आरटीओ ऑफिस के पास बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर पर देखे। यहां पर भी वैक्सीनेशन चल रहा था। सबसे खास बात यह है इन सेंटर पर व्यक्ति लगाने से पहले लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया जा रहा था बीपी और शुगर के मरीजों को वैक्सीन बिना जांच ही लगाई जा रही थी हालांकि हर मरीज अपनी बारी आने का इंतजार में 15 से 30 मिनट तक रोक रहा था कई सेंटरों पर मरीजों को बैठने की व्यवस्था ना होने पर वैक्सीन लगवाने के बाद जा रहे थे। इन सेंटरों पर लोगों खड़े होने के लिए छायादार स्थान, पीने के लिए पानी आदि सुविधाएं उपलब्ध नहीं थी।

## हाट बाजार एवं बाहन बसूली ठेके खिलाफ रहा गोहद बंद रैली निकाली सभा कर सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा

गोहद। मध्य प्रदेश किसान सभा मजदूर एकता यूनियन सीटू जनवादी नौजवान सभा अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के आह्वान पर आज 25 अगस्त को पूर्व घोषणा के अनुसार हाट बाजार एवं बाहन बसूली ठेके के खिलाफ गोहद बंद रहा वामपंथी जन संगठनों के कार्यकर्ता तथा ई रिक्शा यूनियन सीटू के कार्यकर्ता अपने अपने वाहनों के साथ गोहद बंद की रैली में शामिल होकर हाट बाजार वसूली रिक्शा वसूली ठेके के खिलाफ नारे लगा रहे थे इस दौरान गोलंबर नए बस स्टैंड बाजार चौराहा से लेकर नगरपालिका तक भाजपा प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सभाएं की उपस्थित प्रदर्शनकारियों को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर जनवादी नौजवान सभा के महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर किसान सभा से वीरेंद्र सिंह कुशवाह सीटू से रशीद खान महिला समिति से शोभा माहौर ने विचार रखें इसके अलावा माकपा जिला सचिव ओपी बाथम किसान नेता राजेश शर्मा राजेंद्र सिंह कुशवाह पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर ने भी प्रदर्शनकारियों के बीच अपने विचार रखे सभी वक्ताओं ने एक स्वर से प्रशासन से आग्रह किया कि जन भावनाओं को देखते हुए हाट बाजार ठेका एवं बाहन वसूली ठेके को जनहित में निरस्त किया जावे उन्होंने चेतावनी दी की गंभीरता से हमारी मांगों को नहीं सुना गया तो यह आंदोलन जारी रहेगा इस मौके पर ई रिक्शा यूनियन के नेता एवं कार्यकर्ता पदाधिकारियों में सुनील माहौर गिर्राज ओझा, हरेंद्र राठौर, फरमान खान, सोनू खान, गंगा प्रसाद माहौर, मुन्ना लाल कुशवाहा, राजेश राठौर, मनोज प्रजापति, देशराज राठौर, प्रमोद राठौर, संतोष राठौर, कल्याण माहौर, पप्पू खां, नफीस खान, मनीष माहौर, विकास कुशवाहा, अनिल, छोटू, कुलदीप, धीरेंद्र, हनुमंत, उमेश राठौर, विकास खरे, अशोक, प्रदीप, सुरेश यादव, सोनू बेग, संजू प्रजापति, लाल सिंह बाथम सहित तमाम कार्यकर्ता बाजार बंद आंदोलन में शामिल रहे। महिला समिति की रीना प्रजापति सरोज श्रीवास गीता हीराबाई लीला प्रजापति कमला प्रेमा राठौर मंजू माहौर सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।




## राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत 11 सितम्बर को

भिण्ड। मुख्य न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय / मुख्य संरक्षक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 11 सितम्बर, 2021 को संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ भिण्ड जिले में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त लोक अदालत में जिला भिण्ड के एन.आई.एक्ट के मामले, चैक वाउंस के मामले विद्युत अधिनियम के मामले क्लेम प्रकरण समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरणों श्रम विधि के मामले मोटरयान अधिनियम के मामले एवं पारिवारिक मामलों का निराकरण किया जायेगा। उपरोक्त लोक अदालत हेतु जहां विद्युत अधिनियम के मामलों में ब्याज राशि पर 100 प्रतिशत तक छूट प्रदान की जायेगी वहीं सम्पत्तिकर, जलकर संबंधी मामलों में अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी। उपरोक्त लोक अदालत के संबंध में विस्तृत जानकारी दिये जाने हेतु 24 अगस्त 2021 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर भिण्ड में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उपरोक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के समन्वयक देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा विशेष न्यायाधीश महोदय जिला न्यायालय भिण्ड द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 1600 मामलों को रैफर किया गया है। इसके साथ ही जिला भिण्ड के समस्त मीडिया कर्मियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा मध्यस्थता जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया द्वारा मध्यस्थतता कार्यवाही के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए व्यक्त किया कि न्यायालय में मुकदमा दर्ज किये जाने से पूर्व ही प्री-लिटिगेशन मीडिएशन के माध्यम से पक्षकारों द्वारा मामलों का निराकरण किया जा सकता है।



## तालिबान की ताकत

अफगानिस्तान में अचानक से तालिबान का जो रूप सामने आया है, उसे लेकर ढेरों सवाल हैं। कोई कह रहा है कि अमेरिका ने इस देश से जाने में जल्दबाजी की और तालिबान का सफाया करने के नाम पर झूठ बोलता रहा। कोई तर्क दे रहा है कि अशरफ गनी ने देश को अंधेरे में रखा और तालिबान को रास्ता दिया, कोई कह रहा है कि सेना ने बिना लड़े हथियार डाल दिए। यह ऐसे सवाल हैं, जो लंबे समय तक बहस का विषय बने रहेंगे, मगर अभी जो समस्या है, वह अफगानिस्तान समेत दूसरे देशों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। मुसीबत ऐसे कि आज तालिबान के पास न सिर्फ हथियार हैं, बल्कि आधुनिक तकनीकी से लैस संसाधन भी। जो हथियार एक समय सेना के पास होते थे, वह आज आतंकियों के हाथ में है। ये सारे हथियार आतंकियों को किसी ने दिए नहीं, बल्कि अमेरिकी सेना द्वारा छोड़े गए हैं। इन हथियारों का प्रयोग करना अफगान की सेना को था, मगर वह तो भाग खड़ी हुई है। जाहिर है कि अफगानिस्तान पर नियंत्रण बनाने के बाद तालिबान के हाथ लगे अमेरिकी सैन्य साजोसामान इस आतंकी संगठन को पहले से ज्यादा घातक बना देंगे। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से लेकर सांसदों तक ने चिंता जताई है कि तालिबान अब अफगानिस्तान की सेना को अमेरिका की तरफ से मिले घातक विमानों और हथियारों से लेकर रात को हमला करने में मददगार तकनीक तक से लैस हो गया है। महज एक महीना पहले ही अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर अमेरिका से काबुल पहुंचे 7 नए हेलिकॉप्टरों की तस्वीर साझा की थी। इसके कुछ दिन बाद अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने मीडिया से पेंटागन में कहा था कि हम इस तरह का सहयोग जारी रखेंगे। इसके महज कुछ सप्ताह बाद ही तालिबान ने न केवल तकरीबन पूरे मुल्क पर कब्जा कर लिया है बल्कि भागते समय अफगान सेना की तरफ से छोड़े गए हथियार और उपकरण भी उसके हाथ लग गए हैं। अफगान सेना के छोड़े गए वाहनों की लंबी कतार और नए हथियारों की खुली पेटियां, संचार उपकरणों और यहां तक कि सैन्य ड्रोनों की कतार का निरीक्षण करते तालिबान आतंकियों की वीडियो जमकर वायरल हो रही हैं। इन वीडियो की तरफ इशारा करते हुए एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने बिना नाम बताए कहा, जो भी नष्ट नहीं हुआ है, वो अब तालिबान का है। मौजूदा और पूर्व अमेरिकी अधिकारियों को अब यह चिंता है कि तालिबान के कब्जे में आए घातक हथियार आम नागरिकों की हत्या में काम आ सकते हैं। यहां तक कि वे आईएसआईएस जैसे दूसरे आतंकी संगठनों तक पहुंच सकते हैं, जो क्षेत्र में अन्य जगह अमेरिका के ही खिलाफ उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां तक कि आतंकी संगठनों से इन हथियारों चीन व रूस समेत अमेरिका के सभी विरोधियों के हाथ उसकी तकनीक लग सकती है। अमेरिकी सेना के मौजूदा खुफिया आकलन के मुताबिक, यूएस हमवी समेत 2000 सैन्य वाहन तालिबान के हाथ लगे हैं। कई घातक यूएच-60 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर समेत 40 विमान उनके कब्जे में हैं, जिनमें स्काउट अटैक हेलिकॉप्टर और स्कैन ईगल मिलिट्री ड्रोन भी है। ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर अफगान सेना को तालिबान पर बहुत बड़ी सामरिक बढ़त दिलाता था, लेकिन उसका अफगान सेना सही इस्तेमाल ही नहीं कर सकी। अमेरिका ने 2002 से 2017 के बीच अफगान सेना को 28 अरब डॉलर के हथियार दिए हैं, जिनमें बंदूक, रॉकेट, नाइट विजन गॉगल्स और खुफिया जानकारी जुटाने वाले छोटे ड्रोन शामिल हैं। यूएस गवर्नमेंट अकाउंटिबिल्टी ऑफिस के मुताबिक, 2003 से 2016 के बीच अफगान सेना को 208 विमान व हेलिकॉप्टर दिए गए।

# अस्तित्व खोती देवभाषा संस्कृत को बचाने के हों समुचित प्रयास

**योगेश कुमार गोयल**



वर्ष 2000-2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पहल पर पहली बार देश में संस्कृत सप्ताह मनाए जाने की शुरूआत हुई थी, जो अब प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा से तीन दिन पूर्व और तीन दिन बाद तक मनाया जाता है। देवभाषा कही जाने वाली प्राचीन भाषा 'संस्कृत' के प्रसार को बढ़ावा देने और संस्कृत के महत्व को चिह्नित करने के उद्देश्य से इस वर्ष संस्कृत सप्ताह 19 अगस्त से 25 अगस्त तक मनाया जा रहा है। चूंकि भारत की समृद्ध संस्कृति की प्रतीक संस्कृत भाषा धीरे-धीरे समाप्ति की ओर अग्रसर है, इसीलिए संस्कृत सप्ताह इस प्राचीन भारतीय भाषा के प्रति जागरूकता फैलाने, इसे बढ़ावा देने और पुनर्जीवित करने, भारतीय समुदाय अथवा समाज को संस्कृत की महत्ता एवं आवश्यकता का स्मरण कराने तथा जनमानस में इसका महत्व बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस आयोजन के माध्यम से आम आदमी और युवाओं को संस्कृत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परम्परा से अवगत कराने का प्रयास किया जाता है। वैसे श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन संस्कृत दिवस भी मनाया जाता है, जिसे मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1969 से हुई थी, जब भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के आदेश पर हर साल श्रावणी पूर्णिमा के ही दिन केन्द्रीय तथा राज्य स्तर पर संस्कृत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। संस्कृत दिवस मनाने के लिए श्रावणी पूर्णिमा के दिन का चयन इसीलिए किया गया क्योंकि प्राचीन भारत में शिक्षण सत्र इसी दिन से शुरू होता था। छात्र इसी दिन वेद पाठ के साथ शास्त्रों का अध्ययन प्रारंभ किया करते थे। प्राचीन काल में पौष मास की पूर्णिमा से लेकर श्रावण मास की पूर्णिमा तक छात्रों का अध्ययन बंद हो जाता था, जो पुनः श्रावण पूर्णिमा से शुरू होकर पौष पूर्णिमा तक चलता था। यही कारण है कि श्रावण पूर्णिमा के दिन ही संस्कृत दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

दुनियाभर में अब संस्कृत का झंडा दिनों-दिन बुलंद हो रहा है और अब न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी संस्कृत दिवस तथा संस्कृत सप्ताह काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें भारत सरकार की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। संस्कृत का अर्थ दो शब्दों 'सम' और 'कृत' से मिलकर बना है, 'सम' का अर्थ है 'सम्पूर्ण तथा 'कृत' का अर्थ है 'किया हुआ' अर्थात् सम्पूर्ण किया हुआ। संस्कृत केवल एक स्व-विकसित भाषा ही नहीं है बल्कि एक संस्कारित भाषा भी है, इसीलिए इसका नाम संस्कृत है। यह विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक मानी जाती है और दुनिया की कई भाषाओं की जड़ें संस्कृत भाषा में मिलती हैं। संस्कृत को 'देवभाषा' अर्थात् 'देवताओं द्वारा बोली जाने वाली भाषा' भी कहा जाता है। समय-समय पर हुए कई शोधों में यह भी स्पष्ट हुआ है कि संस्कृत वैज्ञानिक सम्मत भाषा है, यही नहीं कुछ शोधों में यह भी साबित हुआ है कि कम्प्यूटर के लिए भी सबसे उपयुक्त और अनुकूल भाषा संस्कृत ही है। संस्कृत को विश्व की सर्वाधिक पूर्ण और तर्कसम्मत भाषा माना गया है, जो भारत को एकता के सूत्र में बांधती है। कहा जाता है कि अंग्रेजों को भी पता चल गया था कि भारत की संस्कृति को संस्कृत के अध्ययन के बिना नहीं जाना जा सकता, इसीलिए उन्होंने कोलकाता तथा काशी में संस्कृत विद्यालय की स्थापना की थी।

संस्कृत एक प्राचीन इंडो-आर्य भाषा है, जिसके बारे में माना जाता है कि भारत में इस भाषा की उत्पत्ति करीब चार हजार वर्ष पूर्व हुई थी। इस प्राचीन भाषा का उपयोग बौद्ध, जैन और सिख धर्म के साथ-साथ हिन्दू धर्म के दार्शनिक प्रवचनों के लिए भी किया जाता था। हजारों वर्षों से हिन्दू संस्कृति में पूजा-पाठ में संस्कृत के मंत्रों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि लिखित रूप में इस भाषा की उत्पत्ति ईसा पूर्व से पहले की दूसरी सहस्त्राब्दी से हुई मानी जाती है, जब ऋग्वेद में भजनों का एक संग्रह लिखा गया माना जाता है। वैदिक संस्कृति में ऋग्वेद, पुराणों और उपनिषदों का अत्यधिक महत्व है और भारत में चार अलग-अलग खंडों में विभाजित वेदों (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद) की रचना 1000 से 500 ईसा पूर्व की अवधि में ही हुई थी। यह लगभग सभी वेदों और पुराणों की भाषा है, इसीलिए इस भाषा के प्रति लोगों के दिल में आदर का भाव रहता है। यह बहुत प्राचीन और व्यापक भाषा है, जिसमें कई पुराण, महापुराण और उपनिषद हैं। वास्तव में संस्कृत ऐसी भाषा है, जो लोगों को मूल वेदों के साथ-साथ कई अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथों को भी मूल देवनागरी अथवा उसी संस्कृत भाषा में पढ़ने का अवसर प्रदान करती है, जिसमें वे लिखे गए हैं।

भारत की समृद्ध संस्कृति की प्रतीक संस्कृत समस्त भारतीय भाषाओं की जननी मानी जाती है, जो भारत में बोली जाने वाली प्राचीन भाषाओं में पहली है। भारत की कुछ प्राचीन लोककथाएं संस्कृत भाषा में ही हैं। संस्कृत की विशेषता के बारे में माना जाता है कि कोई व्यक्ति संस्कृत में केवल एक शब्द में ही स्वयं को व्यक्त कर सकता है। कुछ शोधकर्ताओं द्वारा संस्कृत को दो खण्डों (वैदिक संस्कृत तथा शास्त्रीय संस्कृत) में वर्गीकृत किया गया है। संगीत में संस्कृत का उपयोग अधिकाशतः हिन्दुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में ही किया जाता है। संस्कृत भाषा में करीब 102 अरब 78 करोड़ 50 लाख शब्दों की सबसे बड़ी शब्दावली है और इस भाषा की एक संगठित व्याकरणिक संरचना भी है, जिसमें स्वर और व्यंजन भी वैज्ञानिक पैटर्न में व्यवस्थित होते हैं। संस्कृत को भारत के संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित किया गया है और उत्तराखण्ड में तो यह राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा के रूप में घोषित की गई है। कर्नाटक में शिमोगा जिले में मत्तूर नामक एक ऐसे गांव के बारे में भी जानकारी मिलती है, जहां प्रत्येक व्यक्ति संस्कृत में बात करता है। बहरहाल, यदि इन कुछेक अपवादों को छोड़ दें तो संस्कृत का उपयोग वर्तमान समय में केवल पूजा-पाठ, अनुष्ठानों तथा शैक्षणिक गतिविधियों तक ही सीमित होकर रह गया है और इसे पढ़ने, लिखने तथा समझने वाले लोगों की संख्या निरन्तर कम हो रही है। सही मायनों में संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं है बल्कि एक विचार, एक संस्कृति, एक संस्कार भी है, जिसमें विश्व का कल्याण, शांति, सहयोग और वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना निहित है। इसलिए अत्यंत जरूरी है कि अब देश में विदेशी भाषाओं और अंग्रेजी का महत्व अत्यधिक बढ़ जाने के कारण अपना अस्तित्व खोती इस देवभाषा को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं।

## सुख की उपेक्षा क्यों?

मेरे पास लोग आते हैं। जब वे अपने दुख की कथा रोने लगते हैं, तो बड़े प्रसन्न मालूम होते हैं। उनकी आंखों में चमक मालूम होती है। जैसे कोई बड़ा गीत गा रहे हों! अपने घाव खोलते हैं, लेकिन लगता है जैसे कमल के फूल ले आए हैं। सुख की तो कोई बात ही नहीं करता। और ऐसा नहीं है कि सुख नहीं है; हम सुख पर पर ध्यान नहीं देते हैं। हम दुःख-दुख चुन लेते हैं; हम सुख की उपेक्षा कर देते हैं। फिर जिसकी उपेक्षा कर देते हैं, स्वभावतः धीरे-धीरे वह दूर चला जाता है और जिसमें हम रस लेते हैं वह पास होता चला जाता है। संतों की बात तुम्हें तभी जमेगी, रुचेगी, भली लगेगी, प्रीतिकर मालूम होगी-जब तुम दुख को पकड़ना छोड़ दोगे; जब तुम जागोगे और सुख की सचेष्ट खोज शुरू करोगे। तुम्हारे भीतर अगर अभी भी दुख को पकड़ने का आयोजन चल रहा है, तो संतों के वचन तुम्हारे कानों में गूजेंगे और खो जाएंगे। तुम्हारे हृदय तक नहीं पहुंचेंगे। क्योंकि संतों के वचनों में बड़ा सुख भरा है। तुम सुखोन्मुख हो जाओ, तुम आनंद की खोज में लग जाओ; तो ये एक-एक शब्द ऐसे जाएंगे तुम्हारे भीतर जैसे तीर चले जाएं। और ये एक-एक शब्द तुम्हारे भीतर ऐसे-ऐसे हजार-हजार फूल खिला देंगे, जैसे कभी न खिले थे। तुम्हारे भीतर बड़ी रोशनी होगी। ये छोटे-छोटे शब्द हैं। मगर ये बड़े सार्थक शब्द हैं। सुनो- 'बोलू हरिनाम तू छोड़ि दे काम सब, सहज में मुक्ति होई जाय तेरी।काम यानी कामना। काम यानी वासना। काम यानी इच्छा, तृष्णा। यह मिले वह मिले-कुछ मिले! जब तक हम मिलने की दौड़ में होते हैं, हम भिखमंगे होते हैं। और जब तक हम भिखमंगे होते हैं, तब तक परमात्मा नहीं मिलता। परमात्मा भिखमंगों को मिलता ही नहीं। परमात्मा सम्राटों को मिलता है। परमात्मा उनको मिलता है जो अपने मालिक है। परमात्मा उनको मिलता है जो कुछ मांगते ही नहीं। असल में वे ही परमात्मा को मांगने में कुछ सफल हो पाते हैं, जो और कुछ नहीं मांगते। जिन्होंने कुछ और मांगा, वे परमात्मा को कैसे मांगेंगे। वह जबान फिर परमात्मा को मांगने के योग्य न रह गई। वह जबान अपवित्र हो गई। जिस जबान से बेटा मांगा, बेटी मांगी, धन मांगा, पद मांगा, प्रतिष्ठा मांगी-उसी जबान से परमात्मा को मांगोगे?

# वर्तमान दौर में शरीया क़ानून की प्रासंगिकता ?

**तनवीर जाफ़री**



अफ़ग़ानिस्तान की राजधानी काबुल पर गत 15 अगस्त को क्रूर तालिबानों के बलात क़ब्ज़े के बाद उनके द्वारा एक बार फिर यह घोषणा की गयी है कि अफ़ग़ानिस्तान में शरीया क़ानून लागू किया जायेगा। इस्लामी शरीयत (क़ायदे/क़ानूनों ) की नीतियों के अनुसार चलने वाली व्यवस्था को आम तौर पर शरीया या शरीया क़ानून कहा जाता है। दूसरे शब्दों में शरिया क़ानून इस्लाम की उस क़ानूनी व्यवस्था का नाम है जिसे इस्लाम की सबसे प्रमुख व पवित्र पुस्तक क़ुरआन शरीफ़ व इस्लामी विद्वानों के फ़तवों, उनके निर्णयों या इन सभी को संयुक्त रूप से मिलाकर तैयार किया गया है। इस समय दुनिया के जिन मुस्लिम बाहुल्य देशों में शरीया क़ानून पूर्ण अथवा आंशिक रूप से प्रभावी हैं उनमें ईरान,पाकिस्तान,मिस्त्र (इजिप्ट ),इंडोनेशिया,इराक़ ,सऊदी अरब,यूनाइटेड अरब एमिरेट्स,क़तर, मलेशिया, यमन, मालडीव्ज़ ,मॉरिटेनिया, नाइजीरिया तथा अफ़ग़ानिस्तान जैसे देश शामिल हैं। कुछ अन्य देशों में शरीया क़ानून लागू करने की मांग हो रही है जबकि सूडान जैसे अफ़्रीक़ी देश जहाँ गत तीस वर्षों तक इस्लामी शासन था उसने शरीया क़ानून को समाप्त कर दिया है तथा पुनः लोकतान्त्रिक देश के रूप में स्थापित होने के लिए प्रयासरत है। जबकि पहले सूडान में इस्लामिक शरीया क़ानून के तहत इस्लाम को त्यागने पर मौत की सजा भी हो सकती थी। हालाँकि उदारवादी मुस्लिम चिंतकों का एक वर्ग यह मानता है कि धर्मत्याग के लिए दंड दिया जाना अल्लाह पर ही छोड़ देना चाहिए। क्योंकि धर्म त्याग से इस्लाम को कोई ख़तरा नहीं है। क़ुरआनी आयत लकुम दीनकुम वाले दीन जहाँ हमें हमारा दीन मुबारक तुम्हें तुम्हारा दीन मुबारक का सन्देश देकर प्रत्येक धर्मों के सम्मान का सन्देश देता है वहीं क़ुरआन ही स्वयं यह घोषणा भी करता है कि धर्म में ÷कोई बाध्यता नहीं÷ होती। ऐसे में तालिबानी शरीया क़ानून और तालिबानी लड़ाकों की रक्तरंजित कार्रवाइयां,उनके ज़ुल्म व बर्बरता,उनकी दक़ियानूसी ग़ैर इन्सानी सोच,अफ़ग़ानी राष्ट्रवाद की आड़ में शरीया क़ानून के नाम पर उनके द्वारा फैलायी जा रही हिंसा व अराजकता, निहत्थे लोगों को क़त्ल करना,महिलाओं को तीसरे दर्जे का प्राणी समझ उनपर ज़ुल्म ढाना,शिक्षा और विकास और आधुनिकता का विरोध करना क्या यही शरिया क़ानून की परिभाषा है? या तालिबान शरीया के नाम पर कट्टर मुल्लाओं द्वारा निर्मित अपना पूर्वाग्रही क़ानून अफ़ग़ानिस्तान पर थोपना चाह रहा है ?

केवल इस्लाम ही नहीं बल्कि अन्य कई धर्मों के रूढ़िवादी लोग भी पश्चिमी संस्कृति व सभ्यता का विरोध करते दिखाई देते हैं। इनका विरोध ख़ास तौर पर पश्चिमी लिबास और भाषा को लेकर होता है। यह शक्तियां पश्चिमी खुलेपन को पसंद नहीं करतीं। परन्तु यह भी सच है कि आज पश्चिमी देशों की तरक़्क़ी का रहस्य भी इनका वही खुलापन, वही लिबास व भाषा है जिसका सदुपयोग पूरी दुनिया कर रही है। स्वयं पश्चिमी संस्कृति व सभ्यता का विरोध करने वाले रूढ़िवादी लोग भी। जबकि इसी तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि दुनिया के जो भी देश जितने ही धार्मिक रूढ़िवादिता के शिकार हैं वे उतना ही अधिक पीछे भी हैं। उदाहरण के तौर पर शरीया के अनुसार सूद-ब्याज़ आधारित व्यवसाय ग़ैर शरई है। जनवरी 2018 में भारत के प्रमुख इस्लामी शिक्षण संस्थान दारुल उलूम,देवबंद ने अपने एक फ़तवे में बैंक की नौकरी से रोज़ी रोटी चलाने वाले घरों से शादी का रिश्ता जोड़ने से परहेज़ करने का निर्देश दिया था। क्योंकि वह उस संस्थान में काम करके अपनी रोज़ी कमाता है जो सूद-ब्याज़ के धंधे में शामिल है। यह तो है शरिया का मंतव्य। शरीया निर्देश संबंधी इसी एक विषय पर विरोधाभास पैदा करने वाला सबसे बड़ा उदाहरण देखिये। जिस समय भारत को ग़ुलामी की ज़ंजीरों से मुक्त कराने के लिये स्वदेशी आंदोलन चलाया गया उस समय देश ने अपने स्वदेशी बैंक की ज़रुरत भी महसूस की। उस समय प्रखर राष्ट्रवादी हाजी अब्दुल्लाह क़ासिम साहब बहादुर ने 12 मार्च 1906 को कारपोरेशन बैंक की बुनियाद रखी।

# अंतर्राष्ट्रीय डॉग डे--पशु संरक्षण दिवस

### सूडोकू नवताल- 5813

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -5812 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**



मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त जैसा दिल कोई नहीं जीत सकता और मनुष्य और कुत्ते के बीच के इस बंधन के सम्मान में डॉग डे मनाया जाता है। प्यार और मूल्य की सराहना करने के लिए समय निकालें जो कुत्ते हमारे दैनिक जीवन में लाते हैं, और दुनिया भर में बेघर और दुर्व्यवहार करने वाले कुत्तों के लिए अपना काम करते हैं। हमें आपातकालीन सेवाओं के लिए सुरक्षित काम करने से लेकर अंधे, बहरे या विकलांग लोगों का समर्थन करने तक, कुत्ते हम मनुष्यों के लिए बहुत कुछ करते हैं, और यह कुछ वापस देने का अवसर है।

**डॉग डे के बारे में जानें**

कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कितना कम पैसा और कितनी संपत्ति है, कुत्ता होने से आप अमीर बन जाते हैं। डॉग डे इसलिए बनाया गया है ताकि सभी नस्लों के कुत्तों को मनाया जा सके; मिश्रित और शुद्ध। यह दिन जनता को प्रेरित करने में मदद करता है ताकि वे उन कुत्तों की संख्या को पहचान सकें जिन्हें सालाना आधार पर बचाया जाना चाहिए, शुद्ध नस्ल बचावकर्ता, बचाव, और सार्वजनिक आश्रयों से। यह दिन इन अविश्वसनीय जानवरों को श्रद्धांजलि देने के लिए है जो आराम लाने, हमें सुरक्षित रखने और जीवन बचाने के लिए निस्वार्थ भाव से काम करते हैं। आए दिन ये जानवर अपनी जान की बाजी लगा देते हैं। ऐसे कुत्ते हैं जो ड्रग्स और बमों का पता लगाकर हमारी सुरक्षा और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं, साथ ही वे जो पीड़ितों को मलबे और दुखद स्थितियों से खींचते हैं। साथ ही, हमारे पास विकलांग, नेत्रहीन और कानून प्रवर्तन के लिए कुत्ते हैं। इन वीर कुत्तों से लेकर हमारे परिवार के दोस्तों तक, ये कुत्ते हमारे जीवन में विशेष स्थान रखते हैं, और इसलिए यह सही है कि हम उनका सम्मान करें।

**कुत्तों के बारे में आश्चर्यजनक तथ्य**

उदाहरण के लिए, क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे सफल शिकारी अफ्रीकी शिकार कुत्ता है? ये कुत्ते अपने 50 से 70 प्रतिशत शिकार में सफल होते हैं। वे इसके लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी रखते हैं। सबसे पुराने कुत्ते की नस्ल होने का एक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सालुकी के नाम है। यह नस्ल वास्तव में 329 बी सी की है। उस समय, प्राचीन मिस्र में, इन कुत्तों को शाही पालतू जानवर के रूप में रखा जाता था। ऐसी अफवाहें हैं कि इस नस्ल का और भी पता लगाया जा सकता है, क्योंकि इराक के दक्षिण में एक कुत्ते की नक्काशी स्थित है जो इस नस्ल की तरह दिखती है और उन्हें 7,000 ईसा पूर्व की तारीख दी जा सकती है। बहुत अविश्वसनीय, है ना? कुत्तों की तीन पलकें होती हैं। यह कुछ ऐसा है जो बहुत से लोग अपने प्यारे दोस्तों के बारे में नहीं जानते हैं। तीसरा ढक्कन एक निक्टिटेटिंग झिल्ली है, जिसे हौ के रूप में जाना जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आंख चिकनाई और संरक्षित हो। कुछ विशिष्ट विशेषताएं भी हैं जो कुत्तों की विशिष्ट नस्लों से जुड़ी हैं। उदाहरण के लिए, शार-पीस और चाउ चाउ की जीभ काली होती है। साथ ही, 30 प्रतिशत डलमॉर्टियन्स एक कान में बहरे हैं। साथ ही, क्या आप जानते हैं कि अगर लंबी दूरी की दौड़ में चीता और ग्रेहाउंड आमने-सामने हों, तो ग्रेहाउंड जीत जाएगा? ऐसा इसलिए है क्योंकि ग्रेहाउंड असाधारण लंबी दूरी की गति का दावा करते हैं। वे 35 मील प्रति घंटे की गति को सात मील तक रख सकते हैं।

**प्रेरक नायक कुत्ते**

किलियन से शुरू करते हैं, एक लैब्राडोर कुत्ता जिसने अपने छोटे दोस्त को लंबे समय तक दुर्व्यवहार से बचाया। जॉर्डन और बेंजामिन होप ने कुछ समय ऑनलाइन शोध करने के बाद अपने बेटे के लिए एक दाई को काम पर रखा था। वे अपने चयन को लेकर इतने आश्वस्त थे कि उन्होंने पांच महीने के लिए दाई को काम पर रखने का फैसला किया। हालाँकि, एलेक्सिस खान वह अविश्वसनीय दाई नहीं थी जिसे उसने बनाया था। वह बच्चे को थप्पड़ मारती और उसे लगातार डांटती थी।

## अमेरिका और अफगानिस्तान......जीत या हार

**डॉ विश्वास चौहान**

अंतरराष्ट्रीय विचारक ,लेखक ,कूटनीति के जानकार अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना हटाने और तालिबानी शासन पुनः कायम होने पर अमेरिका की भूमिका का अपने अपने नजरिये से विश्लेषण कर रहे हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय विधि के प्रोफेसर की हैसियत से मैं आपको बताना चाहता हूं कि अफगानिस्तान में जो कुछ भी घट रहा है ,वह विधिवत अंतरराष्ट्रीय कानूनों के आधार पर हुए समझौते के अनुसार ही किया जाना है ,समझौते का उल्लंघन अलग विषय है।

विदित हो कि संयुक्त राज्य अमेरिका और तालिबान ने तीन महीने पहले कतर में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए और अफ़ग़ानिस्तान में 19 साल तक चले युद्ध को समाप्त करते हुए अफ़ग़ानिस्तान में मौजूद अलग-अलग राजनीतिक ताकतों के बीच बातचीत का रास्ता खोला। अमेरिकी विशेष दूत ज़ाल्मय खलीलज़ाद के साथ दो साल तक चली सुलह और समझौते संबंधी बातचीत के बाद, सभी पक्षों ने एक रुख अपनाते हुए, अफ़ग़ानिस्तान से अमेरिका की वापसी का मसौदा तैयार किया, विदित हो कि अमरीका के साथ अफगानिस्तान की अपदस्थ गनी सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे। अफगानिस्तान के इतिहास का विश्लेषण कर कुछ विद्वान यह कह सकते है कि सोवियत यूनियन को भगाने के लिए अमेरिका ने ही तालिबान का सृजन किया था। ..लेकिन इस विषय पर मेरा प्रश्न यह है कि क्या वहां के निवासी इतने भोले थे कि उन्होंने तालिबान के सृजन को स्वीकार कर लिया? अगर कोई किसी को कुंआ में कूदने के लिए उकसाए, और अगर वो कूद जाए तो दोष किसका होगा? वास्तव के अंदर अमेरिका, 9/11 के सन्दर्भ में अफगानिस्तान में छुपे आतंकियों को निकालने ही गया था। जब वे आतंकी दड़बों में मार दिए गए, तो अमेरिका की उपस्थिति अफगानिस्तान में केवल सैन्य शक्ति प्रदर्शन तक सीमित रह गयी थी। विगत दिनों जब मैं ओबामा की एक किताब पढ़ रहा था , उसमे इस विषय पर भी तथ्य दिए गए हैं ,जिनके अनुसार राष्ट्रपति ओबामा के प्रशासन के समय जब बाइडेन उपराष्ट्रपति थे, तभी वे ओबामा को अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को बाहर निकालने के लिए कह रहे थे। ओबामा अपनी इस पुस्तक ए प्रोमिज़्ड लैंड में लिखते है कि वर्ष 2009 में अफगानिस्तान पे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की व्हाइट हाउस में प्रथम मीटिंग के बाद जब ओबामा कांफ्रेंस रूम से अपने ऑफिस जाने के लिए सीढ़िया चढ़ रहे थे, तब बाइडेन तेजी से उनके पास आए और उनकी एक बांह पकड़कर कहाः मेरी बात सुनिए, बॉस; आर्मी जनरल आप को फंसा रहे है।

# वजन घटाने के लिए लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव, रहेंगे हेल्दी और फिट



बिजी लाइफस्टाइल और अनियमित खानपान की वजह से ज्यादातर लोग बढ़ते वजन  की समस्या से परेशान है. हर कोई बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रहा है. कई लोग सख्त डाइट करते हैं. कुछ जिम में घंटों वर्कआउट करते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं लाइफस्टाइल में बदलाव कर बढ़े हुए वजन को कम कर सकते हैं. जी, हां बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए आप अपनी लाइस्टाइल में करें ये बदलाव. इन बदलावों को करने से आपके पेट में जमा चर्बी तेजी से कम होगी. आइए जानते हैं इन टिप्स और ट्रिक्स के बारे में.

### गर्म पानी पिएं

अगर आपका मेटाबॉलिज्म रात के समय में धीमा हो जाता है तो सुबह के समय में सही शुरुआत करें. इसके लिए आप सुबह में एक से दो गिलास गर्म पानी पिएं. गर्म पानी आपके पाचन के साथ टॉक्सिक पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करता है. दरअसल गर्म पानी शरीर के फैट सेल्स को बर्न करने में मदद करता है. इसके साथ पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करता है. इसके अलावा भूख को भी शांत रखता है. खाना खाने से 30 मिनट पहले गर्म पानी पिएं ताकि कैलोरी इनटेक को नियंत्रित करता है.

### सुबह धूप लें

एक स्टडी के अनुसार, सूरज की किरणे वजन घटाने में मदद करती हैं. ये स्टडी साइटफिक रिपोर्ट नाम के जर्नल में छपी थी. इस स्टडी के मुताबिक धूप लेने से शरीर में विटामिन डी की मात्रा बढ़ती है, विटामिन डी हड्डियों मजबूत करने के लिए मदद करता है.

### नियमित रूप से वर्कआउट करें

हर रोज सुबह उठकर 20 से 25 मिनट के लिए वर्कआउट करें. इससे सिर्फ आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट नहीं होगा. बल्कि आपके दिन की शुरुआत भी अच्छी होगा. बेहतर मेटाबॉलिज्म वजन घटाने में तेजी से मदद करता है.

### पौष्टिक आहारा खाएं

केवल नियमित रूप से वर्कआउट करना, बल्कि वजन कम करने के लिए सही खाना बहुत जरूरी है. सीडीसी (रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) के अनुसार, नियमित रूप से खाना वजन घटाने में मदद करता है. आप आपनी डाइट में हरी सब्जियां और फल शामिल करें. आप डाइट में फाइबर, मिनरल्स, विटामिन्स और प्रोटीन की भरपूर मात्रा होनी चाहिए।

## अक्षय कुमार साउथ फिल्म रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक में दिखेंगे



अभिनेता अक्षय कुमार की झोली में इस वक्त कई बड़ी फिल्में हैं। हाल में वह अपनी फिल्म बेल बॉटम को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अक्षय की यह फिल्म 19 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब अक्षय के खाते में एक और फिल्म जुड़ गई है। जानकारी सामने आ रही है कि वह साउथ फिल्म रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक में अभिनय करते नजर आएंगे। इस संबंध में ऑरिजनल फिल्म के प्रोड्यूसर कोनेरू सत्यनारायण ने पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षासुडू के प्रोड्यूसर सत्यनारायण ने अपने बयान में इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक के लिए अक्षय को अप्रोच किया है। उन्होंने कहा, अक्षय ने पूजा फिल्म्स को रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक के अधिकार देने के लिए हमसे संपर्क किया था। हमने अधिकार दे दिए क्योंकि हमें लगा कि वह इस भूमिका के लिए सही होंगे। चूंकि, हम फिल्म नहीं बना सके इसलिए हमने पूजा फिल्म्स को अधिकार दिए हैं।

गौरतलब है कि इस फिल्म की हिन्दी रीमेक को सत्यनारायण ही बनाने वाले थे, लेकिन कोरोना महामारी ने सारी योजनाओं पर पानी फेर दिया। बताया जा रहा है कि निर्देशक रमेश वर्मा इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। एक महीने पहले ऐसी खबरें आई थीं कि अक्षय साउथ फिल्म रक्षासुडू की हिन्दी रीमेक में अभिनय करते नजर आएंगे। हालांकि, इस संबंध में अभी भी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। रक्षासुडू 2019 में रिलीज हुई थी, जिसे रमेश वर्मा ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में बेलमकोंडा श्रीनिवास मुख्य भूमिका में नजर आए थे। उनके अलावा इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में अभिनेत्री अम्मू अभिरामी भी नजर आई थीं। इस फिल्म की कहानी एक अरुण नामक पुलिस सब-इंस्पेक्टर के इर्दगिर्द घूमती है। वह फिल्म में एक शैतान सीरियल किलर का पीछा करता है। यह सीरियल किलर टीनेज गर्ल्स को अपना निशाना बनाता है। अक्षय इस साल फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी हैं, जिसमें अक्षय कैटरीना कैफ के साथ दिखेंगे। वह आने वाले दिनों में फिल्म बच्चन पांडे में दिखने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय के साथ कृति सेनन नजर आएंगी। इसके अलावा अक्षय को फिल्म अतरंगी रे में देखा जाएगा।

# टाइगर के साथ अक्टूबर से गणपत की शूटिंग शुरू करेंगी कृति सैनन



कृति सैनन हाल ही में सरोगेसी पर आधारित फिल्म मिमी में नजर आई। हालांकि, उनकी इस फिल्म को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली और ना ही कृति ने अपने काम से दर्शकों से वाहवाही बटोरी। गणपत कृति की आगामी चर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म में एक बार फिर उनकी जोड़ी टाइगर श्रॉफ के साथ बनी है। हाल ही में कृति ने टाइगर और फिल्म की शूटिंग को लेकर बातचीत की।

कृति ने कहा, फिलहाल मैं यह तो नहीं बता सकती कि हम कौन सी तारीख से फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे, लेकिन अक्टूबर में फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया, मैंने फिल्म में एक्शन करने के लिए कमर कस ली है। मैं इस फिल्म को लेकर बेहद रोमांचित हूं, क्योंकि मैं टाइगर श्रॉफ जैसे अभिनेता के साथ फिल्म में एक्शन करने जा रही हूं। मुझे यकीन है कि वह एक्शन करने में मेरी पूरी मदद करेंगे।

कृति ने फिल्म हीरोपंती से टाइगर के साथ बॉलीवुड में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने कहा, टाइगर और मेरे बीच ऐसी दोस्ती नहीं है कि हम हर दूसरे दिन एक-दूसरे से मिलते हों या बात करते हों, लेकिन हम दोनों के बीच एक खास बॉन्डिंग है। उन्होंने कहा, एक एक्टर के तौर पर टाइगर को आगे बढ़ते देख मुझे बहुत खुशी होती है। वह मेरे पहले को-स्टार हैं और हमेशा मेरे लिए खास रहेंगे। कृति ने कहा, मैं फिल्म में अभी अपनी भूमिका के बारे में तो नहीं बता सकती, लेकिन यह जरूर कहूंगी कि आप पहली बार मुझे पर्दे पर एक्शन करते हुए देखेंगे। आपने इस फिल्म का पोस्टर देखा होगा, जिसमें मैं डर्ट बाइक पर बैठी हुई थी। उन्होंने कहा, फिल्म में आपको मैं बाइक की सवारी करते हुए धुआंदार एक्शन सीन करती दिखूंगी। इसके लिए जल्द ही मुझे डर्ट बाइकिंग की ट्रेनिंग लेनी है ताकि टाइगर के आसपास फटक सकूं।

गणपत का निर्देशन विकास बहल कर रहे हैं और जैकी भगनानी इस फिल्म के निर्माता हैं। इसकी कहानी बॉक्सिंग रिंग के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। इस साल फरवरी में गणपत से कृति का फर्स्ट लुक सामने आया था। फिल्म में कृति के किरदार का नाम जस्सी है। फिल्म में टाइगर बॉक्सर बने हैं। गणपत दो भागों में बनेगी। फिल्म का नाम गणपत इसलिए रखा गया है क्योंकि बॉक्सर बने टाइगर फिल्म में गणपति के भक्त बताए गए हैं।

# डिनो मोरिया हेलमेट के साथ बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करने को लेकर उत्साहित, ट्रेलर जारी



सुपरमॉडल से अभिनेता बने डिनो मोरिया आगामी कंडोम-कॉमेडी हेलमेट के साथ एक निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत कर रहे हैं और उनका कहना है कि यह फिल्म एक मधुर सामाजिक संदेश के साथ बनाई गई है। डिनो ने कहा, यह एक ऐसी फिल्म है जिसे एक मधुर संदेश के साथ हास्य की भावना के साथ बनाया गया है। मैं अद्भुत प्रतिभाशाली कलाकारों की टुकड़ी, मेरे निर्देशक सतराम की ताजा कहानी और मनोरंजन और एक निश्चित बुद्धिमान संवेदनशीलता दोनों को लेकर भी उत्साहित हूं। एक साथ मिलें। रोहन शंकर के संवाद आपको जोर से हंसाएंगे। फिल्म का ट्रेलर बुधवार को जारी किया गया और इसमें शामिल हैं- प्रनूतन बहल, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और आशीष वर्मा। फिल्म डिनो मोरिया द्वारा निर्मित और डेब्यूटेंट सतराम रमानी द्वारा निर्देशित है। हेलमेट एक व्यंग्यात्मक कॉमेडी फिल्म है जो कंडोम के उपयोग के बारे में बात करती है और उन लोगों के क्षेत्र की खोज करती है जो दुकानों से कंडोम खरीदने में संकोच करते हैं या डरते हैं कि समाज उनके बारे में क्या सोचेगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म जीईई5 पर फिल्म के रिलीज होने पर, जीईई5 इंडिया के मुख्य व्यवसाय अधिकारी मनीष कालरा ने कहा, हमें हेलमेट जैसी फिल्म पेश करते हुए गर्व हो रहा है, जो न केवल मनोरंजक है, बल्कि इससे एक मजबूत संदेश भी जुड़ा है। के माध्यम से नायक की यात्रा, यह उस समस्या को उजागर करती है।

## मैं अपनी आगे की यात्रा का आनंद ले रहा हूं:अर्जुन कपूर



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपने प्रभावशाली फीजिकल ट्रांसफोर्मेशन से सभी को हैरान कर दिया है। वह अपनी फिटनेस यात्रा को प्रगति का काम मानते हैं और कहा कि वह आगे की यात्रा का पूरी तरह से आनंद ले रहे हैं। अर्जुन ने कहा, मुझे अपनी निरंतर स्वास्थ्य यात्रा के कारण अपना आहार तैयार करना पड़ता है और इसे लगातार कस्टमाइज करना पड़ता है। इसलिए, हां, ड्र नील के साथ गहन वर्कआउट सेशन के साथ, मैंने अपना भोजन पैटर्न पूरी तरह से बदल दिया है। अर्जुन को लगता है कि उनके जैसे व्यक्ति को प्रेरित रहने के लिए स्वस्थ भोजन भी स्वादिष्ट होना चाहिए। अभिनेता का कहना है कि वह भोजन और कसरत सत्र के साथ प्रगति पर है। 36 साल के अभिनेता ने कहा, स्वस्थ रहना कई कारकों का एक कंबिनेशन है - प्रशिक्षण, आहार, मन की स्थिति इत्यादि। ये चीजें, संयोजन में, किसी को भी बेहतर फिटनेस के रास्ते पर चलने में मदद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं बस खुश हूं मैं अपनी आगे की यात्रा का पूरी तरह से मजे ले रहा हूं।

# ज्वैलरी पहनते समय भूल से भी न करें ये गलतियां, बिगड़ सकता है लुक



स्टाइलिश दिखने के लिए सिर्फ फैशनेबल कपड़े पहनना ही काफी नहीं बल्कि उनके साथ सही ढंग से ज्वैलरी पहनना भी जरूरी है। आमतौर पर यह देखने में आता है कि कुछ महिलाएं अपने आउटफिट के साथ ज्वैलरी पहन तो लेती हैं, लेकिन फिर भी उन्हें मनचाह लुक नहीं मिलता। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो इसके पीछे कारण ज्वैलरी पहनते समय की जाने वाली आपकी कुछ गलतियां हो सकती हैं। आइए ऐसी कुछ गलतियों के बारे में जानें।

### हर दिन एक ही ज्वैलरी पहनना

ज्यादातर महिलाएं इस गलती को दोहराती हैं। दरअसल, हमें कोई ईयररिंग या पेंडेंट इतना अच्छा लगता है कि हम उसे हर रोज पहनना पसंद करते हैं। वैसे हर दिन एक ही ज्वैलरी पहनना गलत नहीं है क्योंकि इससे आपका लुक बोरिंग लगने लगता है और उसमें कोई नयापन नहीं आता। वहीं, हर दिन एक तरह की ज्वैलरी पहनने से वह धीरे-धीरे फेड नजर आने लगती है, जिससे आपका लुक भी डल नजर आता है, इसलिए हमेशा बदलकर ज्वैलरी पहनें।

### फैशन ज्वैलरी का चयन सोच-समझकर न करना

हम जानते हैं कि किसी भी आउटफिट की स्टाइलिंग में फैशन ज्वैलरी एक अहम भूमिका अदा करती हैं। हालांकि, इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप हैवी ज्वैलरी कैरी करें। खासकर, ऑफिस आउटफिट के साथ क्योंकि इसकी वजह से आपका पूरा ऑफिस लुक खराब हो सकता है। बेहतर होगा कि आप अपने किसी भी ऑफिस आउटफिट के साथ फैशन ज्वैलरी के तौर पर एक घड़ी, कानों में छोटे-छोटे स्टड्स और गले में एक पतली चैन पहनें।

### अधिक ज्वैलरी पहनना भी है गलत

अगर महिलाएं चाहती हैं कि वह अपने हर लुक में खूबसूरत लगे तो उन्हें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि वे अधिक ज्वैलरी एक साथ न पहनें। उदाहरण के लिए, अगर वे हैवी नेकपीस पहन रही हैं या फिर नेकपीस की लेयरिंग कर रही हैं तो उसके साथ वे स्मॉल ईयररिंग्स ही पहनें।

इसी तरह मांगटीका पहनने के साथ वे ईयररिंग्स पहन सकती हैं और नेकपीस को छोड़ दें।

### गलत रंग की ज्वैलरी का चयन

जब भी आप अपने किसी आउटफिट के साथ ज्वैलरी पहनें तो आपको यह भी जरूर ध्यान रखना चाहिए कि वह आपके आउटफिट के साथ मैच करें। अगर आपकी ज्वैलरी आपके आउटफिट के साथ मेल नहीं खाएगी तो इससे भी आपका लुक गड़बड़ा सकता है।

## मेरा काम है, मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ भूमिकाएं निभाऊंः हुमा कुरैशी



हुमा कुरैशी ने वेब-सीरीज महारानी में अपने दमदार अभिनय से सभी को चौंका दिया और बेल बॉटम में अपनी भूमिका से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिनेत्री माध्यम के बारे में ज्यादा नहीं सोचती है, क्योंकि वह दृढ़ता से अपना काम करने में विश्वास करती है। बड़े पर्दे और डिजिटल स्पेस दोनों पर सफलता का स्वाद चखने के बाद, हुमा ने कहाः मेरे लिए कोई पहला प्यार नहीं है। कहानी महत्वपूर्ण है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कहां से आता है। एक अभिनेत्री के रूप में मेरा काम है पूरी तरह से और अपनी क्षमताओं के अनुसार भूमिकाएं निभाएं। उनकी लेटेस्ट रिलीज बेल बॉटम उनकी अद्भुत फिल्मोग्राफी में एक और थ्रिलर जोड़ी गई है जिसमें कुछ नाम रखने के लिए बदलापुर, गैंग्स ऑफ वासेपुर और डी-डे जैसी ही शैली की फिल्में शामिल हैं। थ्रिलर शैली के लिए एक सॉफ्ट कॉर्नर विकसित करने के बारे में बात करते हुए, हुमा ने कहाः मेरे पास किसी भी शैली के लिए कोई सॉफ्ट स्पॉट कॉर्नर नहीं है।




## वन-टू-वन



### इंदरगढ़ में सेवढा विधानसभा युवा कांग्रेस की बैठक विधानसभा अध्यक्ष परवेंद्र गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई

**विवेक सेन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

इंदरगढ़ / मुख्यातिथि युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुर्जर रहे। बैठक में सेवड़ा विधानसभा में कांग्रेस को मजबूती के लिए युवा कांग्रेस प्राण प्रण से काम करेगी और फिर से विधानसभा में कांग्रेस के परचम फहराएगा। बैठक में युवा कांग्रेस की विधानसभा कार्यकारणी बनाने पर भी चर्चा हुई कार्यक्रम का संचालन इंदरगढ़ युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय राणा ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से वरिष्ठ युवा कांग्रेस नेता नरेंद्र गुर्जर ,थरेट ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सत्यम गुप्ता,धर्मेंद्र पटवा,चरणदास केलारे, रामेश्वर कुशवाह,मीनू लठैत,रामवीर गुर्जर,पुष्पेंद्र गुर्जर,बंटी पटवा,संचिन गुर्जर,संजीव कुशवाह,रामेंद्र गुर्जर,अर्जुन सिंह,रोहित गुर्जर,ब्रजेन्द्र सिंह,धर्मेंद्र शाक्य,चतुर पटवा, दशरथ पटवा, रमाकांत झा,जय सिंह,नीरज गुर्जर, अभिषेक झा,शिवम गुर्जर,रिंकू बघेल,मयंक गुर्जर,रघुवीर बघेल,श्याम सोनी, नीतू बघेल,आकाश गुर्जर,कल्लू पटवा,सत्यपाल गुर्जर,कृष्णपाल गुर्जर,अभिषेक मुदगल, आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### वैक्सीनेशन महाअभियान -2'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल । 25 एवं 26 अगस्त 2021 दो दिवसीय टीकाकरण महा अभियान रक्षाबंधन का टीका एवं कोविड-19 का टीका दोनों बहुत जरूरी हैं /

जीवन है तो रिश्ता है /
बचे हुए व्यक्ति टीका जरूर लगवाएं /
नौकरी वाले हो या मजदूर
टीका है बहुत जरूरी //

आशा कार्यकर्ता अर्चना चंद्रेश कुशवाहा ग्राम नलखेड़ा ब्लॉक बैरसिया जिला भोपाल मध्य प्रदेश।



### आयुर्वेदिक औषधि पौधे वितरित किए

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पाली। राजस्थान सरकार की मंशा के अनुरूप जिले के अलग-अलग स्थानों पर ग्राम पंचायत स्तर पर चयनित परिवार को आयुर्वेदिक औषधि पौधे वितरित किए जा रहे हैं। पाली भांगेसरव वडेरावास गिरादडा। रानी बुसी ईटन्दरा मेडतिया बालराई आदि सहित अलग-अलग ग्राम पंचायत स्तर पर आयुर्वेदिक औषधि पौधे जैसे तुलसी गिलोय अश्वगंधा समेत औषधि पौधे का वितरण किया गया। बुसी उपसरपंच प्रमिला परमार वडेरावास सरपंच लीला देवी सिरवी ईटन्दरा मेडतिया सरपंच भंवरलाल सिरवी। गिरादडा सरपंच मंगलाराम मीणा भांगेसर सरपंच हबीब खान ने आयुर्वेदिक औषधि पौधे वितरित करने के साथ-साथ प्रत्येक वृक्ष की साख संभाल करने की ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई।





# वैक्सीनेसन महाभियान अंतर्गत आज रखौरा में फिर लगेगा कैंप

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पिछोर अनुविभाग अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आगरा के ग्राम रखौरा स्थित माँ नव जाग्रति शक्तिपीठ पर आज फिर से लगेगा वैक्सीनेसन कैंप जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए मंगलवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, उपरोक्त रैली में आगरा पंचायत की प्रधान श्रीमती कामताबाई लोधी, नोडल अधिकारी ए.के.चतुर्वेदी एई पीएचई, पीसीओ सुमन, सीएमओ जवाहर सिंह राजपूत, एएनएम बैजंति बंशकार, आशा सुपरवाइजर आशा गुप्ता, सचिव धर्मदास लोधी, अजब सिंह लोधी सचिव धौर्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामकुमारी लोधी, बीएलओ किसुनलाल सैन, रामरतन जाटव, सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे, रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी दी गई है कि 25/08/2021 को आयोजित होने बाले वैक्सीनेसन कैंप में आकर वैक्सीन जरूर लगवाएं और अपनी ग्राम पंचायत आगरा को 100त्न वैक्सीनेसन की श्रेणी में लाऐं, साथ ही ग्राम स्तरीय संकट प्रवंधन समूह की बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें स्वास्थ्य विभाग की समस्त टीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## महा वैक्सीनेशन अभियान में आये लोगो का भाजपा कार्यकर्ताओ ने टीका लगाकर माला पहनाकर किया स्वागत

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**



गोहद। कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार द्वारा जो वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है उसी के तहत 25 और 26 अगस्त को संपूर्ण मध्यप्रदेश में महा वैक्सीन अभियान कार्यक्रम आयोजित हो रहा है । भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष विवेक जैन के नेतृत्व में आज कार्यकर्ताओं ने नगर के शासकीय सर्वोदय स्कूल गोहद एवं खटाना प्लाजा गोहद चौराहा पर वैक्सीन सेंटर रहेंगे वहां पर पार्टी के कार्यकर्ता आमजन को घर घर जाकर व्यक्ति लगवाने के लिए प्रेरित किया एवं वैक्सीन सेंटर पर उनका टीका लगाकर स्वागत किया एवं उनके लिये फ़िल्टर पानी की व्यवस्था की ओर लोगो से अपील की वो ज्यादा से ज्यादा लोगो को परिवार सहित आकर वैक्सीन जरूर लगवाये जिससे कोरोना को हराया जा सके ।इस अबसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक जैन आशीष शर्मा विनोद माहोर राजेश नागर प्रमोद कामत संतोष राठौर संतोष प्रजापति संजय झा मदन लाल श्रीवास उमा राठौर अर्चना शर्मा विद्याराम शेजवार रमेश राठौर सौरभ पांडे जुगल सोनी दिनेश धनेरिया राम प्रसाद कुशवाहा ललित अग्रवाल दशरथ गोरैया आतम दास भटनागर अमन व्यास आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महा वैक्सीनेशन अभियान में आये लोगो का भाजपा कार्यकर्ताओ ने टीका लगाकर माला पहनाकर किया स्वागत

**संतोष सिंह भदौरिया, 9179661562**



पुष्पांजलि टुडे न्यूज़

गोरमी। कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार द्वारा जो वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है उसी के तहत 25 और 26 अगस्त को संपूर्ण मध्यप्रदेश में महा वैक्सीन अभियान कार्यक्रम आयोजित हो रहा है । भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक के नेतृत्व में आज कार्यकर्ताओं नगर के इंटर कॉलेज एबम सुकाण्ड आरोली कचनाव कला कुटरोली परोसा हरीक्षा एबम अन्य जिन जिन केंद्रों पर वैक्सीन सेंटर रहें वहां पर पार्टी के कार्यकर्ता आमजन को घर घर जाकर व्यक्ति लगवाने के लिए प्रेरित किया एबम वैक्सीन सेंटर पर उनका टीका लगाकर स्वागत किया एबम उनके लिये फ़िल्टर पानी की व्यवस्था की ओर लोगो से अपील की बो ज्यादा से ज्यादा लोगो को परिवार सहित आकर वैक्सीन जरूर लगवाये जिससे कोरोना को हराया जा सके ।इस अबसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक, जयवीर पुरोहित संतोष भदौरिया, अरविंद जैन उज्जवल कटार ,मोनू शर्मा एबम अलग अलग कार्यकर्ता अपने अपने गांव में लोगो को जागरूक किया।

## वेक्सीनेशन अभियान में टीकाकरण के लिए समाजसेविका अंजना मारवाड़ी ने लोगों को जागरूक किया!

**विनोद पाठक, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर वेक्सीनेशन महाभियान में कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए आज गर्ल स्कूल में 25 अगस्त बुधवार को लोगो को वेक्सीन लगवाने के लिये जागरूक किया ओर साथ ही घर घर जाकर वेक्सीन लगवाने के लिए आमजन को समाजसेविका अंजना मारवाड़ी प्रेरित किया और 11दिसम्बर को होने वाली लोक अदालत के बारे मे विधिक सहायता की आमजन को जानकारी भी दी!





## बन्नूर गांव मे टीकाकरण शिविर लगाया जिसमे 98 लोगों ने टीका लगाया

**पुष्पाजंली टुडे, नारायणलाल सैणचा**

**बन्नूर।** टी नरसीपुरा तहसील के बन्नूर गांव व मारगोडणहल्ली गांव मे मगलवार को कोविड टीकाकरण का शिविर लगाया गया । शिविर में बन्नूर सहित आस -पास गांवों के 98 लोगों टीका लगाया । बन्नर गांव के निवासी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने लोगों को टीका लगाने के लिए जागरूक किया। शिविर मे डॉ रविकुमार, कोविड टीकाकरण विभाग से शैलजा, रूपादेवी, सबीना मौजूद रहे नर्श ममादेवाम्मां, मंजुला रंग स्वामी, शंशी कुमार, सलोचना, समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित, संतोष कुमारी राजपुरोहित मौजूद थे।

## प्रस्फुटन समिति पौसेरा ने कोरोना एवं वैक्सीनेशन महाअभियान में जागरूकता लाने निकाली बाइक रैली

**रितेश कटरे ब्यूरो, चीफ पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट । कोरोना महामारी के प्रति सावधानी बरतने एवं वेक्सीनेशन महाअभियान में लोगों को वैक्सीन लगवाने हेतु बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की समझाइश देने के लिए जिले की विकासखण्ड लांजी अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पौसेरा के सदस्यों एवं कोरोना वालंटियर के द्वारा बाइक रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### कोरोना महामारी को लेकर जागरूक होना जरूरी है - लवकुश यादव



ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पौसेरा के सचिव लवकुश यादव जी ने बताया कि हम सभी समिति के सदस्यों के साथ मिलकर बाइक रैली निकाली है, जिसमें ग्रामीणों को कोरोना महामारी को फैलने से रोकने के लिए अपनाएं जाने वाले तरीकों की जानकारी दी जा रही है,साथ ही वेक्सीनेशन को लेकर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वेक्सीन का सेंकेड डोज भी बहुत जरूरी है, जिससे कि हम सभी पुरी तरह से सुरक्षित हों जाएंगे। जागरूकता रैली में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पौसेरा से लवकुश यादव , रज्जू यादव , केसेलाल मानकर,दिलीप यादव,मनीष यादव, कृष्णा कुमार पांचे,शैलेन्द्र यादव,महेश मरठे, राजेन्द्र यादव, गणपत मात्रे, रामेश्वर मरठे, गन्नूलाल मानकर का विशेष सहयोग रहा।

## बिदाइ पर भावुक हुए :-डाक्टर टेकाम

# आयुश विभाग बेनी मे पदस्थ एम एल तेकाम (आयुर्वेदिक कम्पाउन्डर ) का स्थानान्तरण

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट । खैरलांजी विकासखंड में कार्यालय आयुश विभाग बेनी मे पदस्थ एम एल तेकाम (आयुर्वेदिक कम्पाउन्डर ) का स्थानान्तरण डोबडोह तहसील सौंसर जिला छिन्दवाडा हो चुका है। विदित हो कि शासकीय आयुश विभाग के आयुश अस्पताल बेनी में पदस्थ होने के साथ इन्होने अपने जीवन की पहली पोस्टिंग के साथ अपना जीवन यही पर बिताया। लगभग 26 साल आपने इस गांव में अपनी सेवा दिया।

आपने सदैव सभी व्यक्ति को सादगी पुर्ण सलाह देने का काम किया है।

कार्यक्रम में शामिल पुर्व सरपंच जीवन धुवारे ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज तेकाम जी से जिस प्रकार की गतिविधि और समरसता का भाव आपके द्वारा देखा गया है वह एक बेनी के लिए बहुत बड़ी छति है, आपको सदैव याद किया जाएगा।

ग्राम के वरिष्ठ नागरिक प्रेमलाल पालेवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि एसा कर्मचारी हमने ना देखा है और ना देखने को मिलेगा वही प्रकाश नागवन्शी अपने उद्बोधन में भाउक हो गए . इन्होने अवगत कराया की पिछले 2 वर्ष मे कॉरोना महामारी में आपके द्वारा किए गए कार्य को हम नहीं भुल सकते है आपने हमेशा अपनी जवाबदेही समझकर लोगों को जागरूक करते रहते थे और घर घर जाकर आपने जो सेवा दिया उसक? लिए बेनी गाँव आपको हमेशा याद करेगा..

वास्तव में यह देख गया है कि श्री तेकाम जी अपने कार्य के प्रति निष्ठावान और प्रतिबद्धता थी आपने पुरी इमानदारी से अपना कार्य करते थे और अब तक कभी भी किसी व्यक्ति विशेष के साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया.

डाक्टर तेकाम जी जो मन्डला जिला से आये और अपनी जीवन के 26 साल आपने बेनी गाव में सेवक के रूप में दिया वह स्मरणीय है आप ने जो मुकाम एक गाव में सादा जीवन उच्च विचार की भावना को युवा वर्ग को एक प्रशस्त मार्ग भी देने का काम किया है...



आपने एक अलग ही छ्वी बनाइ थी अपने कार्य को कैसे करना है और सामाजिक परिवेश में कैसे ढलना है यह गुण आपमे एक अलौकिक है।

जब तेकाम जी की विदाइ हो रही थी तब तेकाम जी ने सभी से अपेक्षा की है कि मेरे कार्यकाल में किसी को कोइ तकलीफ पहुची हो तो मैं क्षमा प्रार्थी हूं और इतना बोलकर भाउक हो उठे.

यह तो सही है की आये हैं तो एक दिन जाना है किन्तु इस तरह छोडकर जाना भी एक छति हो जाती है समाज के लिए कि आप जैसे विचारो के धनी और एक अलग ही अनुपम अंदाज में वार्ता पर आपकी छ्वी के कायल रहेंगे बेनी के आम जन। आपने सभी वर्गो के लोगों से अपने व्यतिगत सम्बन्ध बनाये जिसके लिए पुरा गाव आपका ऋणी रहेगा।

जितु धुवारे ने अपने सम्बोधन मे कहा है कि प्रशासनिक तौर पर और उनके द्वारा किये गए स्थानान्तरण यह तो सरकारी संस्थान में अक्सर देखने को मिलता है। जहा अलग अलग स्थानो का अनुभव प्राप्त होता है लोगों को समझने का यत्न किया जाता है।

इस दौरान ग्राम बेनी के सभी लोगों को तेकाम जी ने कहा कि मैं कभी जीवन भर ऋणी रहूंगा मुझे इस गांव में एक परिवार की भाती कभी भी किसी चिज की आवश्यकता के लिए इधर उधर भटकना नहीं पडा आपको इस गाव में भाइ बहन माता पिता और युवाओ का हमेशा सहयोग प्राप्त हुआ है..

कार्यक्रम में पुर्व शिक्षक मिलनसार छ्वी श्री पी के शुक्ला इन्होने भी पुर्व मे बेनी मे शिक्षक पद पर अपनी सेवा दी और सेवा निवृत्त होकर आज पुनः गीतो के माध्यम से तेकाम जी को बिदाइ गीत के साथ अपना उध्बोधन दिया।

बिदाई समारोह में में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भाउलाल धुवारे, पेन्धारीसाव धुवारे, साइ राम रमेश पाराशर, निरंजन धुवारे, महेन्द्र धुवारे, प्रकाश नागवन्शी, शंकर धुवारे, टिकाराम काव्डे, जितु धुवारे जैसे अनेक ग्रामीण युवा और महिलाओ ने मिलकर सम्मान पुर्वक श्री फ़ल और साल के साथ उन्हें घर से उनके कार्यालय भवन आयुश अस्पताल लाया गया तथा कार्यक्रम को गति प्रदान की गई एवं तेकाम जी को बिदाइ दी गई ।

## वन-टू-वन



### टोक्यो पैराओलंपिक में भिंड की युवा खिलाड़ी प्राची यादव को मंत्री डॉ अरविंद सिंह ने किया सम्मानित'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

*(सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने ? 50000 की धनराशि का चेक भेंट किया)*

*भिण्ड । भिंड शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल गौरी सरोवर पर वोट के लाभ के संरक्षक खेल प्रशिक्षण राधे गोपाल यादव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली युवा दिव्यांश खिलाड़ी प्राची यादव को प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने भोपाल में मध्यप्रदेश शासन की ओर से ?50000 का धनराशि की चेक भेंट कर शॉल श्रीफल के साथ सम्मानित किया द्य*

*भिंड जिले की युवा खिलाड़ी प्राची यादव ने ओलंपिक खेलों में अनेकों मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है गौरी सरोवर पर लगातार वाटर स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों को तलाशा जा रहा है आगामी दिनों में नेरसन और इंटरनेट चल वाटर स्पोर्ट्स खेलों में भिंड जिले के खिलाड़ियों अपने शक्ति का परचम अहरा कर आगे बढ़ाएंगे द्य*

*इस अवसर पर राज्य सरकार, राधे गोपाल यादव सहित भिंड कैनोइंग कयाकिंग एसोसिएशन तथा बोट क्लब के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं ।*

### श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति वाटस्प गूरूप से रक्षाबंधन पर्व पर जरूरतमंद परिवारों को दिया आर्थिक सहयोग

**पुष्पाजंली टुडे ,नारायणलाल सैणचा**

*पाली –समिति को मानवप्रेमी शिक्षाप्रेमी दानदाताओ समाजसेवीयो के सहयोग से ही रक्षाबंधन पर समिति की ओर से मानव सेवा के साथ साथ समाज के होनहार बच्चो के शिक्षा व आर्थिक मदद के लिये सात परिवारो को 2लाख 97 हजार 650 रुपये की मदद पहुचाई गई*


*समिति द्वारा दुसरा कोराना काल के समय मानव सेवा हेतु एक एबुलेश जैतारण वासीयो के लिये व दुसरी एबुलेश सौजत वासीयो के लिये दी गई समिति समाज मे होनहार प्रतिभावान जरुरतमंद आर्थीक रुप से कमजोर छात्रो के शिक्षा हेतु मदद करती है ।हाल ही मे एक लडकी गाव मंडला सौजत से शिक्षा व खेल मे अच्छी पकड रखने पर समिति से =31हजार पांच सौ रूपये की मदद की गई दुसरा गाव काणेचा जैतारण से एक लडका बि.ए. के साथ साथ प्रसासनिक की तैयारी के लिये समिति की ओर से =60 हजार की मदद की गई तिसराआर्थिक रुप से बेहद कमजोर गाव आकेली सौजत से बि. ए. की पढाई के लिये समिति से =31हजार रूपये की मदद की गई चौथा आवेदन गाव आकेली से एक नौजवान को लिवर ट्रान्सलेट के लिये समिति से आर्थिक मदद =51हजार रूपये पाचवा विधवा बुजुर्ग महिला निसंतान भुमिहीन घरहीन विरमपुरा माताजी बाली से समिति से आर्थिक मदद =21हजार रूपये छठा विधवा बुजुर्ग महिला पुत्रहिन गाव केलवाद सौजतअसाहय माताजी को समिति की ओर से आर्थिक मदद =21 हजार रूपये सातवा गाव बुसी से लडकी नारी शक्ति नर्सिग कोष सुमेरपुर से करना चाहती घर की आर्थिक स्थती बेहद कमजोर शिक्षा हेतु समिति से =82150 की मदद की गई।*

### ओबीसी भाजपा जिला कार्यकारिणी का किया गठन

***नेनाराम सिरवी पाली।*** *राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना. के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष मनसा राम परमार की सहमति से ओबीसी मोर्चा संभाग प्रभारी अरवडदान चारण एवम् पाली ओबीसी मोर्चा जिला संयोजक शशिकान्त प्रजापति की अनुशंसा पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत चौधरी गादाणा ने जिला कार्यकारिणी का गठन किया। राधेश्याम चौहान पाली महामंत्री । सूजाराम जणवा फालना बाली महामंत्री। मांगीलाल सीरवी ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष केनपुरा पाली। कल्याण सिंह सिसोदिया उपाध्यक्ष मारवाड़ जंक्शन । गोपाल सिंह गुर्जर उपाध्यक्ष फालना बाली ।घनश्याम सिंह रावत उपाध्यक्ष कोट किराणा जैतारण। विजय राज धाची मंत्री नाडोल पाली । शिवलाल परमार मंत्री खिवादी सुमेरपुर। रमेश जांगिड़ मंत्री रोहट पाली। देवी सिंह चौहान मंत्री मारवाड़ जंक्शन। मुकेश पुरी गोस्वामी मंत्री पाली ।भंवरलाल सेपटा कोषाध्यक्ष बासनी जोधराज सोजत। कल्याण सिंह सोलंकी आईटी प्रभारी पाली। महिपाल सिंह चारण प्रवक्ता पाली को नियुक्त किया गया*

# किसी भी आउट कर सकते हैं सिराज, सफलता से हैरान नहीं: विराट

**लीड्स (ए)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की सफलता से वह हैरान नहीं हैं। विराट ने कहा कि मैंने उसे करीब से देखा है। साथ ही कहा कि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसके पास कौशल हमेशा से था। आपको इस कौशल का साथ देने के लिए आत्मविश्वास की जरूरत थी, ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उसे यह आत्मविश्वास दिया।' कप्तान ने कहा, 'वह जब मैदान पर उतरता है जो उसे पता है कि वह कभी भी किसी को भी आउट कर सकता है और अपने खेल पर उसका विश्वास नए स्तर पर पहुंच गया है जिसके कारण वह जो कर रहा है उसका परिणाम अब दिख रहा है।' कप्तान ने कहा कि सिराज के आत्मविश्वास ने उन्हें आक्रामक बना दिया है। उन्होंने कहा, 'उसे अपने रंग में रंगा देखकर मैं बेहद खुश हूं, वह ऐसा गेंदबाज बनेगा जो आंख से आंख मिलाकर खेलेगा और खिलाड़ियों को आउट करने की




कोशिश करेगा और न ही पीछे हटेगा या डरेगा।' कोहली ने सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और लोकेश राहुल की भी तारीफ की और उम्मीद जताई कि उनकी अच्छी फॉर्म जारी रहेगी। गौरतलब है कि अनुभवी मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और ईशांत शर्मा के रहते हुए भी सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में 11 विकेट लिए थे। उसकी सटीक लाइन और लेंथ तथा गेंद पर नियंत्रण ने घरेलू टीम के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया है। सिराज ने आठ विकेट लार्ड्स के दूसरे टेस्ट के दौरान लिए जिससे भारत ने 151 रनों से जीता था। कोहली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे से सिराज का आत्मविश्वास बेहद ऊपर गया है।

## जब विराट ने रूट का समर्थन किया

**लंदन (ए)।** इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को भारत के खिलापफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खिलाड़ियों की छींटाकशी के साथ ही जसप्रीत बुमराह और मो



शमी को दूसरी पारी में आउट न कर पाने की वजह से आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है। कई पूर्व क्रिकेटरों ने यहां तक कहा कि रूट की गलत रणनीतियों के कारण ही टीम के हाथ से मैच निकल गया। वहीं इस मामले में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली से जब पूछा गया कि क्या अपनी गलतियों के कारण विरोधी कप्तान रूट दबाव में थे, विशेषकर तब जब वे निचले क्रम के बल्लेबाजों शमी और बुमराह को दूसरी पारी में आउट नहीं कर पाए। तब विराट ने रूट का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि, मुझे नहीं पता कि किसी व्यक्ति की मानसिकता क्या है? किसी भी चरण में आप योजना को लेकर गलती कर सकते हो, इसका मतलब यह नहीं कि आप दबाव में हो। उन्होंने कहा कि, आप फैसला करते हो, जो सही नहीं निकलता। एक कप्तान के रूप में आप हमेशा सही फैसला करने का प्रयास करते हैं और मेरा मानना है कि रुट भी वही करने का प्रयास कर रहे होंगे।

## आईपीएल खेलने वाले क्रिकेटरों के लिए नियम बदलेगा पेशेवर क्रिकेट संघ

**लंदन (ए)।** इंग्लैंड का पेशेवर क्रिकेट संघ (पीसीए) उस पुराने नियम में बदलाव करने जा रहा है जिसके तहत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने वाले बिना केंद्रीय अनुबंध प्राप्त क्रिकेटरों को अपने वार्षिक वेतन के अनुपात का एक हिस्सा भुगतान करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। मौजूदा प्रणाली के अनुसार केंद्रीय अनुबंध के बाहर के इंग्लैंड के क्रिकेटरों को काउंटी में पहले 21 दिन के खेल में नहीं रहने के कारण वार्षिक वेतन का एक फीसदी हिस्सा देना होता है। इसके बाद हर दिन के हिसाब से 0.7 फीसदी (वेतन का) का हिस्सा देना होता है। पीसीए के क्रिकेट संचालन निदेशक डेरिल मिशेल ने कहा, 'आईपीएल में भाग लेने वालों के लिए काउंटी वेतन से कटौती के लिए एक प्रणाली को साल 2010 में तैयार किया गया था।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की

### शाहीन ने मैच में लिए दस विकेट

**किंगस्टन (ए)।** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को दूसरे क्रिकेट टेस्ट क्रिकेट मैच में 109 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ही दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गयी है क्योंकि वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट मैच एक विकेट से जीता था। शाहीन ने दूसरी पारी में 43 रन देकर चार विकेट लिए, वहीं पहली पारी में उन्होंने 51 रन देकर छह विकेट लिए थे। इस प्रकार शाहीन ने मैच में 94 रन देकर कुल 10 विकेट लिए। शाहीन की शानदार गेंदबाजी से 329 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम अपनी दूसरी पारी में 219 रनों पर ही सिमट गयी। शाहीन के अलावा नौमान अली ने तीन जबकि हसन अली ने दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज की ओर से जैसन होल्डर ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाये बाकि खिलाड़ी सस्ते में ही आउट हो




गये। शाहीन ने पांचवें दिन जोशुआ डिसिल्वा का अंतिम विकेट लेने के साथ ही पाकिस्तान को जीत दिला दी। इस 21 वर्षीय गेंदबाज ने पहली पारी में 51 रन देकर छह विकेट लिए थे। वेस्टइंडीज ने अंतिम दिन एक विकेट पर 49 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन पहले सत्र में ही पाक गेंदबाजों के साथ वह टिक नहीं पायी और उसने चार विकेट खो दिए। खेल के दौरान बारिश की बाधा भी रही पर उससे वेस्टइंडीज टीम हार से बच नहीं सकी। एक समय वेस्टइंडीज का स्कोर सात विकेट पर 159 रन था पर बारिश थमने के बाद खेल शुरू होने पर शाहीन ने दो विकेट लेकर मैच अपनी टीम की ओर कर दिया। वेस्टइंडीज की टीम इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी और पहली पारी में 150 रनों पर ही आउट हो गयी जबकि पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 302 रन पर समाप्त घोषित की थी। इसके बाद पाक टीम ने दूसरी पारी छह विकेट पर 176 रनों पर समाप्त घोषित कर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 329 रनों की चुनौती दी। इंडीज टीम दूसरी पारी में भी पाक गेंदबाजों के सामने बिखर गयी और एक के बाद एक उसके खिलाड़ी पेवेलियन लौटने लगे।

## भारत, इंडोनेशिया, जर्मनी और कतर भी ओलंपिक मेजबानी के दावेदारों में शामिल: बाक



**नई दिल्ली (ए)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा है कि भारत भी 2036, 2040 और इसके बाद होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करना चाहता है। आईओसी ने हाल में कहा था कि ऑस्ट्रेलया 2032 ओलंपिक की मेजबानी करेगा। बाक के अनुसार 2032 खेलों की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन को दिये जाने के बाद भी आईओसी के पास साल 2036, 2040 और इसके बाद होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए कई देश आगे आये हैं। आईओसी प्रमुख के अनुसार ओलंपिक मेजबानी के इच्छुक देशों में भारत के अलावा इंडोनेशिया, जर्मनी और कतर भी शामिल हो गये हैं। बाक ने कहा, '' ये केवल उन देशों के नाम हैं जो मुझे याद हैं, इसके अलावा भी कई नाम हैं। इससे साफ है कि खेलों की मेजबानी को लेकर हम बेहद अच्छी स्थिति में हैं।'' बाक की यह टिप्पणी इसलिए भी अहम है क्योंकि लाखों डॉलर के बढ़ते खर्चों के कारण खेलों के आयोजन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। हाल में जापान में हुए टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारी खर्च को देखते हुए लोगों ने विरोध किया था। वहीं भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि उन्होंने ओलंपिक मेजबानी में रुचि दिखाई है।

मेहता ने कहा, ''टोक्यो ओलंपिक से पहले वीडियो कांफ्रेंस के जरिए आईओए आयोग की बैठक में आईओए ने 2036 और इसके बाद होने वाले ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जताई थी।'' वहीं दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी इस साल मार्च में कहा था कि वह स्वतंत्रता के 100 बरस के मौके पर 2048 खेलों की सफल बोली के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और बुनियादी ढांचे में सुधार करेंगे।

## केंद्र सरकार ने अब तक 873.68 लाख टन धान खरीदा

### 1.65 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्र सरकार ने इस माह सितंबर में समाप्त होने वाले विपणन वर्ष 2020-21 में अब तक रिकॉर्ड 873.68 लाख टन धान खरीद ?लिया है- जिसके लिए करीब 1.65 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। खाद्य मंत्रालय के मुताबिक खरीफ विपणन सत्र 2019-20 में खरीद के उच्च स्तर 773.45 लाख मीट्रिक टन को पार करते हुए धान खरीद अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है। लगभग 129.03 लाख किसान मौजूदा खरीफ विपणन सत्र में एमएसपी मूल्यों पर हुई खरीद से



लाभान्वित हो चुके हैं और उन्हें 1,64,951.77 करोड़ रुपए भुगतान किया जा चुका है। चालू खरीफ सत्र 2020-21 में धान की खरीद, इसकी बिक्री वाले राज्यों में सुचारू रूप से जारी है। इसमें आगे कहा गया ?कि ?पिछले माह 23 अगस्त तक 873.68 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें खरीफ फसल का 707.69 लाख मीट्रिक टन और रबी फसल का 165.99 लाख मीट्रिक टन धान शामिल है, जबकि पिछले वर्ष की इसी समान अवधि में 763.01 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था। जानकारी के मुता?बिक गेहूं की खरीद का काम वर्तमान रबी विपणन सत्र 2021-22 में इसकी खरीद वाले राज्यों में पूरा हो चुका है और 18 अगस्त 2021 तक 433.44 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कर ली गई है। मौजूदा रबी विपणन सत्र के दौरान 49.20 लाख किसानों को खरीद का लाभ मिला है। इस दौरान किसानों को 85,603.57 करोड़ रुपए का न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया।

# अमेरिकी कांग्रेस ने बाइडन की 3,500 अरब डॉलर की बजट रूपरेखा को पारित किया

**वाशिंगटन (ए)।** अमेरिकी कांग्रेस में राष्ट्रपति जो बाइडन की हजारों अरब डॉलर की बजट रूपरेखा ने पहली अड़चन को पार कर लिया है। डेमाक्रेट नेताओं के मॉडरेट सांसदों के साथ इस बारे में समझौते के बाद सत्ताधारी दल का घरेलू बुनियादी ढांचे का एजेंडा एक बार फिर पटरी पर आ गया है। सदन में बजट की रूपरेखा 220-212 मतों से पारित हुई। यह राष्ट्रपति बाइडन की 3,500 अरब डॉलर की पुनर्निर्माण योजना का मसौदा बनाने की दिशा में पहला कदम है। रिपब्लिकन द्वारा इस योजना का विरोध किया जा रहा था। करीब 24 घंटे चले संकट के दौरान संसद की प्रक्रिया पूरी तरह रुक गई। उसके बाद स्पीकर नैंसी पेलोसी ने वोटिंग से पहले सांसदों से कहा कि यह कानून नए करार के बराबर संघीय निवेश का प्रतिनिधित्व करता है। एक सांसद ने बताया कि पेलोसी ने इसमें देरी को नजरअंदाज करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया का हिस्सा है। कुछ मॉडरेट सांसदों ने 3,500 अरब डॉलर की योजना के लिए अपने मतों को रोकने की धमकी दी थी जिससे सदन में




तनाव बढ़ गया था। उनका कहना था कि पहले सदन अन्य सार्वजनिक कार्य परियोजनाओं के 1,000 अरब डॉलर के उस द्विदलीय पैकेज को मंजूरी दे, जिसे सीनेट पारित कर चुका है। समझौता कायम करने की पहल के तहत पेलोसी ने इस पैकेज पर 27 सितंबर तक मतदान की प्रतिबद्धता जताई। सांसदों को भरोसा दिलाया गया कि इसे अलग नहीं छोड़ जाएगा। पेलोसी ने कहा कि एक साथ आगे बढ़ाए गए दो विधेयक बाइडन की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। पेलोसी ने दोनों को एक अक्टूबर तक पारित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# टाटा की अपकमिंग माइक्रो एसयूवी का नाम टाटा एचबीएक्स ही होगा

### इस साल भारतीय बाजार में कर दिया जाएगा पेश

**नई दिल्ली (ए)।** टाटा की अपकमिंग माइक्रो एसयूवी का नाम टाटा एचबीएक्स ही होगा और इसे इस साल भारतीय बाजार में पेश कर दिया जाएगा। भारत में लंबे समय से टाटा एचबीएक्स लॉन्च करने का इंतजार हो रहा है। भारत में टाटा की अपकमिंग माइक्रो एसयूवी टाटा एचबीएक्स की मौजूदा माइक्रो एसयूवी मारुती इगनिस और महिंद्रा केयूवी 100 के साथ ही आने वाले समय में लॉन्च होने वाली सिट्रोन सीसी 21 और हयूदै एएक्स1 जैसी कारों से मुकाबला होगा। मारुति इग्निस की अच्छी बिक्री के बाद अब माइक्रो एसयूवी का मार्केट में क्रेज बढ़ता जा रहा है और टाटा इस सेगमेंट में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए नई कार लॉन्च कर रही है। टाटा एचबीएक्स को सबसे पहले साल



2020 के ऑटो एक्सपो में देखा गया था। टाटा एचबीएक्स को भारत में 6 लाख रुपये से ज्यादा की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया जा सकता है। टाटा मोटर्स ने बीते शनिवार को अपनी अपकमिंग माइक्रो एसयूवी टाटा एचबीएक्स का टीजर वीडियो शेयर करते हुए जानकारी दी कि इस धांसू कार को जल्द ही भारतीय बाजार में पेश कर दिया जाएगा। टाटा एचबीएक्स के संभावित लुक और फीचर्स की बात करें तो देखने में यह काफी मस्कुलर होगी और इसकी टायर और रियर लुक पर आपकी निगाहें थम सी जाएंगी, जैसा कि ऑटो एक्सपो 2020 में इसे देखा गया था। इस माइक्रो एसयूवी में खास रियर और फ्रंट बंपर के साथ ही स्पोर्टी ग्रिल, एलईडी डीआरएल, प्रोजेक्टर हेडलैंप, रैपअराउंड टेल लैंप के साथ ही ट्रेंडी अलॉय व्हील्ज देखने को मिलेंगे।

टाटा एचबीएक्स को अलफा प्लैटफॉर्म पर डिवेलप किया जाएगा, जिसपर टाटा अल्ट्राज हैचबैक को डिवेलप किया गया है। इसमें 1.2 लीटर का नेचरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन देखने को मिलेगा, जो कि 84 एचपी तक की पावर और 113 एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा। टाटा एचबीएक्स को 5 स्पीड मैनुअल और 5 स्पीड एएमटी ट्रांसमिशन ऑप्शन के साथ पेश किया जाएगा। वहीं फीचर्स की बात करें तो इसमें 7 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम,आईआए कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी, ऑटोमैटिक क्लाइमेच कंट्रोल, 12 वोल्ट चार्जिंग शॉकेट, पुश स्टार्ट/स्टॉप बटन, डुअल एयरबैग्स और रियर पार्किंग सेंसर के साथ ही ईबीडी और एबीएस जैसे स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स हैं।

## कोविड महामारी ने वाहन उद्योग को कई साल पीछे धकेल दिया

**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय वाहन उद्योग को कोविड-19 महामारी ने बुरी तरह प्रभावित किया है और इसे कई साल पीछे धकेल दिया है। सोयायटी ऑफ इंडियन ऑटोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष



के निची आयुकावा ने यह बात कही। सियाम के 61वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयुकावा ने कहा कि पिछले 5 से 10 साल में सभी वाहन खंडों यात्री वाहनों से लेकर दोपहिया तक वृद्धि दर में जोरदार गिरावट आई। देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आयुकावा ने ऑनलाइन कार्यक्रम में कहा कि कोविड महामारी शुरू होने से पहले ही भारतीय वाहन उद्योग संरचनात्मक सुस्ती से जूझ रहा था। उद्योग के चारों खंडों यात्री वाहन, दोपहिया, वाणिज्यिक वाहन और तिपहिया में पिछले 5 से 10 साल के दौरान दीर्घावधि की वृद्धि दर में भारी गिरावट आई है। यह गिरावट महामारी से पहले शुरू हो गई थी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी से उद्योग और अधिक प्रभावित हुआ है। इससे उद्योग संख्या के लिहाज से कई साल पीछे चला गया है।

## वन-टू-वन



### वृद्धों ने की मां कैला देवी व बालाजी की धार्मिक यात्रा

ग्वालियर। माधव बाल निकेतन एवं वृद्धाश्रम के वृद्धों को आज धार्मिक यात्रा पर राजस्थान के धार्मिक स्थल भगवान मदनमोहन के मंदिर, करौली स्थित मां कैला देवी के मंदिर  और लौटते मे भगवान बालाजी के मंदिर में ले जाकर दर्शन करवाएं गए। इस धार्मिक यात्रा के बारे में संस्था के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि श्रावण मास के उत्सव के बाद वृद्ध माता पिता की इच्छा थी कि वह कही तीर्थ को हो आए, उन्होंने अपनी इच्छा को जव अपने बेटे यानि मुझे बताया तव हमारी संस्था द्वारा राजस्थान के धार्मिक तीरथों का बिचार बना। इसी संदर्भ मे आज एक दिवसीय तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें आज बुधवार को सुबह वृद्धाश्रम से बातानुकुलित बस से सभी वृद्धों को धार्मिक स्थल भगवान मदन मोहन जी, मां कैला देवी करौली, बाबा बालाजी महाराज ले जाकर उनके दर्शन करवाएं ,इस पूरी यात्रा में वृद्धों ने आते जाते  भजन सत्संग और  संगीत का आनंद भी लिया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव, अध्यक्ष पवन भटनागर, मनोज दुबे, श्याम श्रीवास्तव, संस्था अधीक्षिका सीमा सक्सेना, लक्ष्मी भटनागर, अमन श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### युवक फांसी पर झूला

ग्वालियर। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के मऊगांव में रहने वाले एक युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।सुबह उसका शव फांसी पर लटका मिला ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना क्षेत्र के मऊगांव निवासी जितेंद्र सिंह 35 साल प्राइवेट नौकरी करते हैं। बीती शाम के घर आए और खाना खाने के बाद टीवी देखते रहे 11ः00 बजे तक उन्होंने टीवी देखा । सुबह जब घर के सदस्य उन्हें चाय देने पहुंचे तो जितेंद्र सिंह का शव फांसी पर लटका देख उनकी चीख निकल गई।  घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### नशा मुक्ति केंद्र में वृद्ध की मौत

ग्वालियर। शराब छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती एक वृद्ध की मौत हो गई ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र के चौहान प्याऊ निवासी माखन सिंह भदोरिया 71 साल शराब पीने के आदी थे ।उन्हें 3 माह पहले नशा मुक्ति केंद्र में शराब छुड़ाने के लिए भर्ती कराया गया था। बीते रोज उनके परिजनों ने नशा मुक्ति केंद्र में उनका हाल जानने के लिए फोन लगाया तो वहां मालूम पड़ा कि उनकी तबीयत खराब है। बाद में पता चला कि माखन सिंह भदोरिया की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### फूलबाग चौपाटी पर आधी रात को युवती को लेकर हंगामा; नशे में धुत युवक ने की मारपीट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में आधी रात को एक युवती और दो युवकों के झगड़े का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि युवती एक युवक को बचा रही है। दूसरा युवक नशे में धुत है और आधे कपड़े पहने हुए है। वह गाली-गलौच कर रहा है। नशे में धुत युवक पागलों की तरह युवती के साथ आए युवक को पीट रहा है और बाइक में लात मार रहा है। इसके बाद उसने युवती को एक ईट फेंककर मारी जो उसके पैर में लगी। शहर के मुख्य पॉइंट फूलबाग पर आधी रात को यह ड्रामा चलता रहा, लेकिन चंद कदमों की दूरी पर चौकी और थाना होने के बाद भी पुलिस नजर नहीं आई। मंगलवार रात करीब 12.30 बजे फूलबाग चौपाटी बंद हो चुकी थी। सफेद सलवार सूट में युवती एक युवक के साथ पार्किंग में थी। तभी वहां एक अन्य युवक आ गया जो काफी नशे में था। आते ही वह युवती को गालियां देने लगा। थोड़ी देर बाद उसने युवती के साथ खड़े युवक से मारपीट शुरू कर दी। युवक ने भी बचाव में हाथ-पैर चलाए। युवती भी उसे बचाने आई तो शराब के नशे में धुत युवक ने उसे भी थप्पड़ मार दिया। थोड़ी देर के बाद वीडियो में तीसरे युवक की एंट्री होती है। वह नशे में धुत युवक का नाम (राहुल) लेते हुए अलग ले जाता है, पर वह वहां से जाने को तैयार नहीं होता है। फूलबाग चौपाटी पर करीब 10 मिनट तक ये हंगामा चलता रहा, लेकिन शहर के प्रमुख पॉइंट पर पुलिस नहीं पहुंची, जबकि आधा किलोमीटर की दूरी पर ही पड़ाव थाना है।  थाना प्रभारी विवेक अष्ठाना का कहना है कि उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है, पर इतना पता लगा है कि रात को युवती को लेकर हंगामा हुआ था।

# झूलेलाल महोत्सव में कांग्रेस विधायक प्रवीण और भाजपा के महानगर अध्यक्ष कमल एक दूसरे का हाथ थामकर झूमकर नाचे, लोग बोले बाहर तो लड़ते हैं





**ग्वालियर।** ग्वालियर में मंगलवार रात एक दृश्य सभी को चौका देने वाला था। कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक अपने विरोधी दल क्क्ष्द्धक्क के महानगर अध्यक्ष कमल माखीजानी के साथ नाचते हुए दिखे। ऐसे ही नहीं नाच रहे थे दोनों एक दूसरे का हाथ थामकर काफी देर तक झूमते रहे। यह मौका था झूलेलाल महोत्सव का। कुछ लोग तो यह देखकर ही हैरान रह गए। उनका कहना था कि बाहर तो दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाते नहीं थकते, लेकिन फिर समझ भी आ गया यह राजनीतिक भाषण, स्टंट सिर्फ जनता के लिए होते हैं वैसे तो यह दोनों एक ही क्षेत्र के नेता हैं। वरूण अवतार कहे जाने वाले भगवान झूलेलाल के चालीस दिवसीय महोत्व के आखिरी दिन मंगलवार को दानाओली और माधवगंज झूलेलाल मंदिर में उत्सव मनाया गया। सिंधी समाज के लोग काफी खुश थे। सुबह से आयोजन चल रहा था। पर रात को उस समय महोत्सव में समा बंध गया जब ग्वालियर दक्षिण से कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक और भाजपा के महानगर अध्यक्ष कमल माखीजानी वहां पहुंच गए। वैसे तो दोनों एक दूसरे के विरोधी हैं, लेकिन मौका झूलेलाल के मंदिर का था तो दोनों ने सारे मतभेद भुलाकर एक दूसरे के साथ ढोल- ताशों की थाप पर जमकर भांगड़ा किया। विधायक प्रवीण पाठक और भाजपा महानगर अध्यक्ष ने एक दूसरे के हाथ पकड़े और काफी देर तक डांस किया।

#### सोशल मीडिया पर छा रहा है डांस

कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक और भाजपा के महानगर अध्यक्ष कमल माखीजानी का झूलेलाल महोत्सव में नाचने का वीडियो बुधवार सुबह से सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। कुछ लोग तो यहां तक भी कह रहे हैं कि मंदिर में दोनों खुशी में झूम रहे हैं, जबकि बाहर एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं। असल में इनका कौनसा रूप सही है।



### कांती नगर में अभी-अभी महिला को कटटा अडाकर चैन लूटी

**ग्वालियर।** कांतीनगर चौराहे पडाव थाना क्षेत्र के तहत अभी सायं छह बजे के लगभग एक महिला से अज्ञात कटटा धारकों ने गले की चैन लूट ली। महिला अपने बच्चे को लेकर टयूशन जा रही थी, तभी मोटरसायकल सवार लुटेरों ने उक्त वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक तानसेन नगर में रहने वाली महिला सुषमा चंदेल अपने बेटे को लेकर छह बजे के लगभग टयूशन जा रही थी, तभी उक्त महिला के पीछे लगे मोटरसायकल सवारों ने उसके आगे बाइक अडा दी और कटटा लगाकर उसके गले में पहनी ढाई तोले की सोने की चैन लूट ली। महिला बदहवास हालत में चीखी चिल्लाई भी लेकिन चौराहे पर कोई मदद को नहीं आया।

# मकान के ताले चटके दुकान में सेंध लगाई

ग्वालियर। शहर बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में स्थित लक्ष्मी पुरम में चोरों ने मकान के ताले चटका कर कीमती सामान चोरी कर ले गए ।वहीं जिले के डबरा देहात थाना क्षेत्र में एक दुकान में सेंध लगाकर चोर नगदी तथा सामान समेट ले गए ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुरम निवासी गौरव सिंघल 22 अगस्त को परिवार के साथ वैष्णो देवी गए थे ।उन्होंने अपने घर की देखभाल के लिए सुनील पाल से कह रखा था ।बीते रोज सुनील पाल ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके घर के ताले टूटे पड़े और घर से सामान चोरी हो गया है । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मामले की जांच शुरू कर दी है ।वहीं डबरा देहात थाना क्षेत्र में रहने वाले सुरेंद्र सिंह की किराने की दुकान है ।बीती रात को चोरों ने उनकी दुकान में सेंध लगा दी और दुकान में रखी नगदी तथा कीमती सामान समेट ले गए ।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।
















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478